जनपद परिचय

जनपद ऊधमसिंहनगर कुमाऊ मण्डल के दक्षिण पूर्व में नैपाल सीमा से लगा हुआ जनपद है। जनपद का सृजन जनपद नैनीताल को विभाजित कर उत्तर प्रदेश शासन, राजस्व अनुभाग–5 की विज्ञप्ति संख्या – 2511/1–5/95–100/89 दिनांक 29 सितम्बर, 1995 से किया गया। इसमें जनपद नैनीताल की तहसील खटीमा, सितारगंज, किच्छा, काशीपुर तथा उपतहसील बाजपुर व गदरपुर सम्मिलित किये गये हैं। जनपद ऊधमसिंहनगर उत्तराखण्ड प्रदेश का प्रवेश द्वार ही नही वरन पूरे राष्ट्र का एक प्रगतिशील जिला है। कौमी एकता के गुलदस्ते के रूप में ख्याति प्राप्त इस जिले में हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बंगाली, कुमाऊनी, गढवाली, पंजाबी तथा पूर्वांचल के अलावा थारू एवं बुक्सा जनजाति के लोग साथ–साथ रहते हैं। विभिन्न तहजीव एवं संस्कृति के बावजूद भी विकास, समृद्वि एवं कौमी एकता यहॉ के वाशिन्दों की सकारात्मक सोच है। उत्तराखण्ड के सर्वाधिक धनी इस जिले में मेहनत यहॉ के लोगो का मुख्य ध्येय है। जनपद का क्षेत्रफल लगभग 2542 वर्ग कि0मी0 है। यह अक्षांस 28–58–0 देशान्तर 79–25–0 तक फैला हुआ है। जिले की पूर्व से पश्चिम की लम्बाई 170 किमी0 तथा उत्तर से दक्षिण की लम्बाई 95 किमी0 है। खेती का क्षेत्रफल 279447 है0, वन क्षेत्र 97938 है0, बंजर भूमि 3513 है0, कुल कृषक 85641, नहरों की लम्बाई 924.30 किमी0, नलकूपों की संख्या 258, नलकूपों की सिंचन क्षमता 28807 है0, सिनेमाघरों की संख्या 10, होटलों की संख्या 45 तथा खेल स्टेडियम 02 (काशीपुर/रूद्रपुर) हैं। इस जनपद का नाम महान क्रान्तिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद ऊधमसिंह के नाम पर रखा गया है।

जनपद की सीमाए

जनपद ऊधमसिंहनगर के पूर्व में नैपाल, पश्चिम में जनपद बिजनौर,उत्तर में जनपद नैनीताल, तथा दक्षिण सीमा उ0प्र0 राज्य के जनपद मुरादाबार, रामपुर, बरेली व पीलीभीत से मिली हुई है ।

मुख्य नदियां

फीका, ढेला, कोसी, बौर, गौला, देवहा, शारदा, बैगुल, लेबड़ा, कैलाश।

जलाशय

तुमड़िया, हरिपुरा, बैगुल, बौर, धौरा, नानकमत्ता।

तहसील

खटीमा, सितारगंज, किच्छा, रुद्रपुर गदरपुर, बाजपुर, काशीपुर एवं जसपुर,।

विकास खण्ड– 07

खटीमा, सितारगंज, रूद्रपुर, गदरपुर, बाजपुर, काशीपुर एवं जसपुर।

कानूनगो क्षेत्र– 14

बिगराबाग, खटीमा, सितारगंज, नानकमत्ता, रूद्रपुर, किच्छा, गदरपुर, दिनेशपुर, बाजपुर प्रथम, बाजपुर द्वितीय, पैगा, काशीपुर, कुण्डा, जसपुर।

कुल पटवारी/लेखपाल क्षेत्र– 142

कुल न्याय पंचायत – 27

कुल ग्राम पंचायत – 309

कुल राजस्व ग्राम – 684

कुल थाने – 12 (खटीमा, नानकमत्ता, सितारगंज, किच्छा, रूद्रपुर, पन्तनगर, दिनेशपुर, गदरपुर, बाजपुर, काशीपुर, कुण्डा, जसपुर)

इसके अतिरिक्त उपरोक्त थानों के अन्तर्गत खटीमा बाजार, झनकैया, मझोला, चकरपुर, झनकट, शक्तिफार्म, चीनीमिल सितारगंज, सिडकुल सितारगंज, बरा, पुलभट्टा, ढौरा, कलकत्ता फार्म, लालपुर, रम्पुरा रूद्रपुर, रूद्रपुर बाजार, आदर्श कालोनी, आवाश विकास, ट्रांजिट कैम्प, सिडकुल, सकैनियां, गूलरभोज, बेरियादौलत, बहेड़ी, बन्नाखेड़ा, दोराहा, सुल्तानपुर पट्टी, केलाखेड़ा, आई0टी0आई0काशीपुर, कुण्डेश्वरी, पैगा, टांडा उज्जैन, बांसफोड़ान, कटोराताल, मण्डी, सुलिया, शिवराजपुर पट्टी , जसपुर बाजार, धर्मपुर, नादेही तथा पतरामपुर पुलिस चौकियां जनपद में स्थित हैं।

,

जनपद की कुल जनसंख्या– 16,48,367 (20011 की जनगणना के अनुसार)
साक्षरता का प्रतिशत – 64.88 (20011 की जनगणना के अनुसार)

<u>स्थानीय निकाय–</u>

1– नगर पालिका परिषद खटीमा
2– नगर पालिका परिषद सितारगंज
3– नगर पंचायत शक्तिगढ़
4– नगर पालिका परिषद किच्छा
5– नगर पंचायत दिनेशपुर
6– नगर पालिका परिषद किच्छा
7– नगर पालिका परिषद गदरपुर
8– नगर पंचायत केलाखेड़ा
9– नगर पालिका परिषद बाजपुर
10– नगर पंचायत सुल्तानपुरपट्टी
11– नगर पंचायत महुआडाबरा
12– नगर पंचायत महुवाखेड़ागंज
13– नगर पालिका परिषद काशीपुर
14– नगर पालिका परिषद जसपुर

<u>मैनुअल संख्या–1</u>

1– संगठन की विशिष्टियां, कृत्य और कर्तव्यः–

राजस्व विभाग का संगठन प्रदेश स्तर पर मुख्य राजस्व आयुक्त मण्डल स्तर पर आयुक्त एवं जिला स्तर पर जिलाधिकारी के नेतृत्व में गठित होता है । राजस्व विभाग के कार्य, दायित्व अत्यन्त विस्तृत एवं भूआयामी हैं । आयुक्त, कलक्टर तथा अधीनस्थ अधिकारियों के द्वारा राजस्व सम्बंधी दायित्वों के अतिरिक्त मण्डल, जिले में कार्यरत विभागों, संस्थाओं, उपक्रमों के कार्यो पर भी प्रत्यक्ष, परोक्ष रूप से पर्यवेक्षण एवं नियन्त्रण रखा जाता है । संगठनात्मक ढांचा निम्नानुसार हैः–

→ मुख्य राजस्व आयुक्त
→ आयुक्त
→ जिलाधिकारी ——————————अपर जिलाधिकारी (वि0 / रा0) एवं अपर जिलाधिकारी (नजूल)
↓

↓	↓	↓	↓	↓
उप जिलाधिकारी, खटीमा	उप जिलाधिकारी, सितारगंज	उप जिलाधिकारी, रूद्रपुर	उपजिलाधिकारी बाजपुर	उपजिलाधिकारी काशीपुर
↓	↓	↓	↓	↓
तहसीलदार, खटीमा	तहसीलदार, सितारगंज	तहसीलदार, किच्छा / रुद्रपुर	तहसीलदार, बाजपुर / गदरपुर	तहसीलदार काशीपुर / जसपुर
↓	↓	↓	↓ ↓	↓ ↓
ना0तहसीलदार, खटीमा	ना0तहसीलदार, सितारगंज	ना0 तहसीलदार, नगला / किच्छा / रूद्रपुर	ना0 तहसीलदार बाजपुर; ना0तहसीलदार, गदरपुर	ना0 तहसीलदार काशीपुर / पैगा; ना0तहसीलदार जसपुर

<u>तहसील स्तर पर संगठनात्मक ढांचा ।</u>

जिलाधिकारी–अपर जिलाधिकारी (वि0 / रा0) / नजूल
↓
उप जिलाधिकारी
↓
तहसीलदार,
↓
नायब तहसीलदार
↓
————————————————————
↓ राजस्व निरीक्षक → ↓ पटवारी, ↓ लेखपाल → ↓ चपरासी
↓ संग्रह अमीन → ↓ संग्रह चपरासी

1— उत्तर प्रदेश शासन, राजस्व अनुभाग—5 की विज्ञप्ति संख्या — 2511/1—5/95—100/89 दिनांक 29 सितम्बर, 1995 से जनपद ऊधमसिंहनगर का सृजन किया गया। इस जनपद में जनपद नैनीताल की तहसील खटीमा, सितारगंज, किच्छा, काशीपुर तथा उपतहसील बाजपुर व गदरपुर सम्मिलित किये गये हैं। शासनादेश संलग्न परिषिष्ट—1 पर है।

2— जिला ऊधमसिंहनगर की अधिकारिता में वर्ष 2004 में उत्तरांचल शासन, राजस्व विभाग की अधिसूचना संख्या 24/राजस्व/2003 दिनांक 13 जनवरी, 2004 से तहसील काशीपुर के 16 पटवारी क्षेत्रों के 101 राजस्व ग्रामों को सम्मिलित करते हुये तहसील जसपुर का सृजन किया गया। शासनादेश संलग्न परिषिष्ट—2 पर है।

3— जिला ऊधमसिंहनगर की अधिकारिता में वर्ष 2004 में उत्तरांचल शासन, राजस्व विभाग की अधिसूचना संख्या 124/राजस्व/2004 दिनांक 11 फरवरी, 2004 से उपतहसील गदरपुर को उच्चीकृत कर पूर्ण तहसील का सृजन किया गया। शासनादेश संलग्न परिषिष्ट—3 पर है।

4— जिला ऊधमसिंहनगर की अधिकारिता में वर्ष 2004 में उत्तरांचल शासन, राजस्व विभाग की अधिसूचना संख्या 1566/राजस्व/2003 दिनांक 15 अक्टूबर, 2003 से उपतहसील बाजपुर को उच्चीकृत कर पूर्ण तहसील का सृजन किया गया। शासनादेश संलग्न परिषिष्ट—4 पर है।

5— जिला ऊधमसिंहनगर की अधिकारिता में वर्ष 2004 में शासनादेश संख्या 151/राजस्व/2004 दिनांक 23 फरवरी, 2004 से तहसील सितारगंज को उपजिलाधिकारी क्षेत्र घोषित किया गया। शासनादेश संलग्न परिषिष्ट—5 पर है।

6— राजस्व विभाग का विशाल संगठन है। मुख्यतः यह विभाग राज्य के राजस्व प्रशासन के लिए उत्तरदायी है। पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश में इस विभाग का संचालन राजस्व परिषद के द्वारा किया जाता था, जो कि एक उच्च स्तरीय संस्था (High Power Body) है, लेकिन उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम—2000 (अधिनियम संख्या—29 —2000) की धारा—87 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री राज्यपाल महोदय उत्तराँचल द्वारा तात्कालिक प्रभाव से पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश राज्य में कार्यरत राजस्व परिषद के स्थान पर उत्तराँचल में ''मुख्य राजस्व आयुक्त'' कार्यालय का गठन किया जा चुका है। मुख्य राजस्व आयुक्त राजस्व विभाग, चकबन्दी विभाग, भू—अधिग्रहण विभाग, बन्दोबस्त विभाग के विभागाध्यक्ष होंगे। शासनादेश संलग्न—परिषिष्ट—6 पर है।

7— उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या— 5485/1—4/95—180बी.—4/95 दिनांक 19 अक्टूबर, 1995 से जिला कार्यालय ऊधमसिंहनगर के लिये पदों का सृजन किया गया है। शासनादेश संलग्न—परिषिष्ट—7 पर है।

8— उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या— 57/18 (1)/2005 दिनांक 28 जनवरी, 2005 से नवसृजित तहसीलों/उप तहसील के लिये पदों का सृजन किया गया है। शासनादेश संलग्न—परिषिष्ट—8 पर है।

9— उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या— 226/18(1)/2005 दिनांक 04 अप्रैल, 2005 से जिला कार्यालय (कलक्ट्रेट) ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत सृजित अस्थायी पदों का स्थायीकरण किया गया है । शासनादेश संलग्न—परिषिष्ट—9 पर है।

10— उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या— 402/18(1)/2005 दिनांक 22 नवम्बर, 2005 से जिला कार्यालय (कलक्ट्रेट) ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत एक कुर्सी बुनकर का पद सृजित किया गया है। शासनादेश संलग्न— परिषिष्ट—10 पर है।

11— उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या— 151/18(1)/2005 दिनांक 25 मार्च, 2006 से नवसृजित जनपद बागेश्वर, चम्पावत एवं ऊधमसिंह नगर में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद का सृजन किया गया है। शासनादेश संलग्न— परिषिष्ट—11 पर है।

12— उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या— 441/18(1) /2006 दिनांक 13 नवम्बर, 2006 से कलक्ट्रेट में कार्यरत ज्येष्ठ सहायक का पदनाम परिवर्तित करते हुये (मुख्य सहायक) प्रशासनिक अधिकारी ग्रेड—2 का किया गया है। शासनादेश संलग्न— परिषिष्ट—12 पर है।

13— उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या— 737/18(1)/2006 दिनांक 12 दिसम्बर, 2006 से जिला कार्यालय (कलक्ट्रेट) ऊधमसिंहनगर हेतु एक सहायक भूलेख अधिकारी का पद सृजित किया गया है। शासनादेश संलग्न— परिषिष्ट—13 पर है।

14— उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 849/XVIII(1)/2011—03(18)/ 2009 दिनांक 18 अगस्त, 2011 से जनपद ऊधमसिंहनगर के ज्येष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद का स्थायीकरण किया गया है। शासनादेश संलग्न— परिषिष्ट—14 पर है।

15— उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 895/XVIII(1)/2011—03(37)/ 2008 दिनांक 18 अगस्त, 2011 से नवसृजित तहसीलों हेतु सृजित अस्थायी पदों को स्थायी किया गया है। शासनादेश संलग्न— परिषिष्ट—15 पर है।

18— राजस्व विभाग अन्तर्गत सृजित, भरे गये एवं रिक्त पदों का विवरण संलग्न परिषिष्ट— 16 पर है।

जिला कार्यालय का संगठनः—

1. जिला अधिकारी।
2. अपर जिलाधिकारी।
3. प्रभारी अधिकारी।
4. वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी।
5. प्रशासनिक अधिकारी।

राजस्व नियम संग्रह अध्याय—48 के (प्रस्तर—1091 से प्रस्तर— 1104 तक) जिलाधिकारी के प्रधान कार्यालय में निम्नवत् अनुभागों की एक श्रृंखला नियत की गयी है । जिसका विवरण निम्नवत् हैः—

1— राजस्व अनुभाग—

1—राजस्व सहायक/प्रशासनिक अधिकारी।
2—देय/सामान्य सहायक
3—सहायक राजस्व सहायक प्रथम।
4—सहायक राजस्व सहायक द्वितीय।
5—सहायक देय सहायक प्रथम।
6—सहायक देय सहायक द्वितीय।
7—स्टाम्प सहायक।

2— न्यायिक अनुभाग—

1–प्रशासनिक अधिकारी / न्याय सहायक।
2–सहायक न्याय सहायक प्रथम।
3–सहायक न्याय सहायक द्वितीय।
4–स्थानीय निकाय सहायक।
5–आबकारी / शिकायत सहायक।
6–शस्त्र सहायक।
7–आर0ए0सी0 मुख्यालय।
8–वी0आई0पी0 / साहुकारा सहायक।

3– नजारत अनुभाग–

1–प्रधान नाजिर / प्रशासनिक अधिकारी।
2–सहायक नाजिर प्रथम।
3–सहायक नाजिर द्वितीय।

4– संग्रह अनुभाग–

1–मुख्य राजस्व लेखाकार / प्रशासनिक अधिकारी।
2–सहायक मुख्य राजस्व लेखाकार प्रथम।
3–सहायक मुख्य राजस्व लेखाकार द्वितीय।

5– आंग्ल अभिलेखागार–

1–आंग्ल अभिलेखपाल / प्रशासनिक अधिकारी।
2–सहायक आंग्ल अभिलेखपाल प्रथम।
3–सहायक आंग्ल अभिलेखपाल द्वितीय।
4–इन्डैक्सर ई0आर0के0।

6– राजस्व अभिलेखागार–

1–संरक्षक राजस्व अभिलेखागार / प्रशासनिक अधिकारी।
2–न्यायिक अभिलेखपाल।
3–टंकक।
4–कनिष्ठ सहायक।

7–भूलेख अनुभाग–

1–सहायक भू–लेख अधिकारी / सांख्यिकीय निरीक्षक।
2–एल0आर0सी0।
3–आर0के0खाम।
4–आर0सी0खाम प्रथम।
5–आर0सी0खाम द्वितीय।
6–सीलिंग सहायक।

8–नजूल अनुभाग–

1–आशुलिपिक

2–नजूल सहायक।

9–न्यायालय अनुभाग–

1–रीडर, न्यायालय जिलाधिकारी/प्रशासनिक अधिकारी।
2–अहलमद, न्यायालय जिलाधिकारी।
3–रीडर, न्यायालय अपर जिलाधिकारी/प्रशासनिक अधिकारी।
4–अहलमद, न्यायालय अपर जिलाधिकारी।

(ब) कृत्य और कर्तव्यः–

राजस्व नियम संग्रह, (अध्याय–49 के प्रस्तर 1137 के अनुसार) जिला कार्यालय में अभिलेख एवं पत्र व्यवहार के लिये राजस्व नियम संग्रह के अनुसार विभागवार निम्नवत् व्यवस्था दी गई है :–

विभाग–1	बन्दोबस्त।
विभाग–2	राजस्व न्यायालय सम्बन्धी कार्य।
विभाग–3	मालगुजारी (वसूली एवं लेखा)।
विभाग–4	कर एवं उपकर (नहर कर–स्थानीय कर)।
विभाग–5	राजस्व (आबकारी,स्टाम्प,कृषि आयकर तथा बृहद् भूमि जोतकर अधिनियम, प्रकीर्ण)
विभाग–6	ऋण और सेवानिवृत्ति–वेतन।
विभाग–7	भूमि अभिलेख तथा कृषि लेखपाल और कानूनगो।
विभाग–8	भूमि सम्बन्धी विनियोग।
विभाग–9	जिला कार्यालय अधिंष्ठान और भवन अभिलेख, कोषागार, प्रतिभूति, पुस्तकालय, तहसीलदार, नायब तहसीलदार,।
विभाग–10	कोर्ट ऑफ वार्ड, दातब्य निधि।
विभाग–11	सरकारी सम्पत्ति, वन तथा बंजर भूमि, प्रत्यक्ष प्रबन्धाधीन आस्थान।

विभाग–12 प्रकीर्ण तथा नक्श (प्रशासन सम्बन्धी प्रतिवेदन, नक्शा, पत्र व्यवहार की अनुक्रमणिका,) विधेयक और विधायन, आय–व्ययक, सामान्य।

विभाग–12(क)	1–जमींदारी विनाश कोष।
	2–जमीदारी विनाश प्रतिकर।
	3–पुर्नवास अनुदान।
	4–सीरदारी अधिकार अथवा अधिवासी
5–गांव समाज और भूमि प्रबन्ध	समिति।
6–प्रकीर्ण।	

उपर्युक्त विभागों के अन्तर्गत विशेष रूप से उल्लिखित विषयों से सम्बन्धित पत्र व्यवहार आते हैं, उपर्युक्त विभागों में निम्नलिखित विभाग भी सम्मिलित किये गये हैं :–

विभाग–13	राजस्व और अभाव।
विभाग–14	नियुक्ति।

विभाग–15	सामान्य प्रशासन।
विभाग–16	गोपनीय।
विभाग–17	चिकित्सा।
विभाग–18	गृह विभाग (सामान्य)।
विभाग–19	गृह विभाग (जेल)।
विभाग–20	गृह विभाग (पुलिस)।
विभाग–21	स्वायत्त शासन विभाग।
विभाग–22	वित्त विभाग।
विभाग–23	पंचायतराज।
विभाग–24	सार्वजनिक निर्माण कार्य।
विभाग–25	निर्वाचन।
विभाग–26	वन।
विभाग–27	शिक्षा।
विभाग–28	निवासन।
विभाग–29	न्याय और विधान।
विभाग–30	उद्योग।
विभाग–31	याचिका।
विभाग–32	सांस्कृतिक कार्य तथा वैज्ञानिक शोध।
विभाग–33	नियोजन और विकास।
विभाग–34	परिवहन।
विभाग–35	सहकारिता।
विभाग–36	समाज कल्याण।
विभाग–37	श्रम।
विभाग–38	कृषि।
विभाग–39	पशुपालन।
विभाग–40	खाद्य तथा रसद।
विभाग–41	सहायता और पुर्नवास।
विभाग–42	आवकारी।
विभाग–43	सूचना।
विभाग–44	अर्थ एवं संख्या।

परिशिष्ट–1

उत्तर प्रदेश शासन,
राजस्व अनुभाग–5
संख्या– 2511 / 1–5 / 95–100 / 89
लखनऊ दिनांक 29 सितम्बर, 1995
अधिसूचना

उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम 1904 उत्तर प्रदेश (अधिनियम संख्या– 1 सन् 1904) की धारा 21 के साथ पठित यू0पी0 लैण्ड रेवेन्यू ऐक्ट, 1901 यू0पी0 (ऐक्ट संख्या 3 सन् 1901) की धारा 11 के अधीन शक्ति का प्रयोग करके और इस निमित्त जारी की गयी सरकारी अधिसूचनाओं का आंशिक उपान्तर करके राज्यपाल दिनांक 29 सितम्बर, 1995 से ऊधमसिंहनगर नामक एक नया जिला सृजित करते हैं, जिसमें जिला नैनीताल की तहसील काशीपुर, किच्छा, सितारगंज, खटीमा एवं उप तहसील बाजपुर, गदरपुर में सम्मिलित क्षेत्र समाविष्ट होंगे, जिसका मुख्यालय रूद्रपुर में होगा और उक्त दिनांक से वर्तमान जिला नैनीताल की सीमाओं में इस प्रकार परिवर्तन करते हैं, जिससे कि नवसृजित जिला ऊधमसिंहनगर में सम्मिलित क्षेत्रों को छोड़कर शेष वर्तमान क्षेत्र उसमें समाविष्ट होंगे और ऊधमसिंहनगर जनपद कुमाऊ मण्डल का जनपद होगा।

2– राज्यपाल अग्रत्तर निर्देश देते हैं कि इस अधिसूचना की किसी बात का प्रभाव किसी विधि न्यायालय में जिसने अब तक उक्त क्षेत्रों के सम्बंध में अधिकारिता का प्रयोग किया है, पहले से प्रारम्भ की गयी या विचाराधीन किसी विधिक कार्यवाही पर नही पड़ेगा।

आज्ञा से
हस्ताक्षर
बाबू राम
प्रमुख सचिव, राजस्व।

संख्या– 2511(1) / 1–5 / 95–100 / 89 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– प्रतिलिपि अंगेजी अनुवाद सहित, जिलाधिकारी नैनीताल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2– प्रतिलिपि अधिसूचना की अंग्रेजी अनुवाद सहित संयुक्त अधीक्षक, नवीन राजकीय प्रेस शाखा, ऐशबाग, लखनऊ को इस अनुरोध के प्रेषित कि वे कृपया इस अधिसूचना को तत्काल 29 सितम्बर, 1995 के असाधारण गजट भाग 4 खण्ड (ख) परिनियम आदेश में प्रकाशित कर 500 मुद्रित प्रतियां शासन के राजस्व अनुभाग–5, 20 मुद्रित प्रतियां जिलाधिकारी, नैनीताल तथा ऊधमसिंहनगर तथा 50 प्रतियां सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3– शासन के प्रमुख सचिव / सचिव।

4– समस्त मण्डलायुक्त उत्तर प्रदेश।

5– समस्त जिलाधिकारी उत्तर प्रदेश।

6– सचिवालय के समस्त अनुभाग।

7– राज्य सम्पादक, जिला गजेटियर विभाग, उत्तर प्रदेश जवाहर भवन लखनऊ।

आज्ञा से
हस्ताक्षर
संयुक्त सचिव

परिशिष्ट–2

उत्तराखण्ड शासन,
राजस्व विभाग
संख्या–24 / राजस्व / 2003
देहरादून दिनांक 13 जनवरी, 2004
अधिसूचना

उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम–1901) (अधिनियम संख्या III, वर्ष 1901) (अनुकूलन एवं उपान्तरण) आदेश, 2001 की धारा 11 की उपधारा (2) के अधीन शक्ति का प्रयोग करते हुसे और पूर्व में इस निमित्त जारी की गयी सरकारी अधिसूचनाओं के आंशिक उपान्तरण में राज्यपाल महोदय इस अधिसूचना के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से जिला ऊधमसिंहनगर में एक नयी तहसील जो जसपुर के नाम से जानी जायेगी, जिसका मुख्यालय जसपुर में होगा, जिसमें निम्नलिखित अनुसूची में विनिर्दिष्ट ग्राम समाविष्ट होंगे, सृजित करने तथा उक्त ग्रामों को वर्तमान तहसील काशीपुर, जिला ऊधमसिंहनगर की सीमा से पृथक करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– राज्यपाल महोदय यह भी निर्देश देते हैं कि इस अधिसूचना की किसी बात से किसी विधि न्यायालय में, जिसने उक्त क्षेत्रों के सम्बंध में अब तक अधिकारिता का प्रयोग किया है, पहले से प्रारम्भ या विचाराधीन किसी विधिक कार्यवाही पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नही पड़ेगा।

अनुसूची

नवसृजित तहसील जसपुर में सम्मिलित काशीपुर तहसील के ग्रामों की सूचीः–

क्र0 सं0	ग्राम का नाम	लेखपाल सर्किल का नाम	क्र0सं0	ग्राम का नाम	लेखपाल सर्किल का नाम
1–	अंगदपुर	1– अंगदपुर	52	पट्टीवाले	
2–	गूलरगोजी		53	महुआडाबरा	8. महुआडाबरा
3–	धरमपुर		54	मुरलीवाला	
4–	बहेड़ी		55	कासमपुर	
5–	ढांडीपुरा		56	हरीपुरा	
6–	ढकियाहरचन्द		57	देवीपुरा	
7–	मकौनिया		58	अमृतपुर	9. जसपुर
8–	चकराय जवाहरसिंह		59	कलियावाला	
9–	उमरपुर मानक		60	गढ़ीहुसैन	
10–रायपुरपट्टी दिल्ला		2– रायपुर	61	जमनीवाला	
11–रायपुरपट्टी हरजी			62	जसपुरपट्टीउत्तम	
12–रायपुरपट्टी लेखराज			63	जसपुरपट्टीतिरमल	
13–रायपुरपट्टी लोकमन			64	जसपुरपट्टीकल्यान	
14–आसपुर			65	जसपुरपट्टी मन्शा	
15–चकआसपुर			66	जसपुरपट्टी नेतराम	
16–जगतपुर जसपुर			67	तालबपुर	10. तालबपुर
17–चक जगतपुर			68	रहमापुर	
18–राजपुर		3– राजपुर	69–नगरिया सुल्तान		
19–पूरनपुर			70–खेड़ा लक्ष्मीपुर		

20—नादेही				71—अहमदनगर		
21—विक्रमपुर				72—गॉगूवाला		
22—किशनपुर				73—दादूवाला		11.दादूवाला
23—मडुवाखेड़ा		4— मडुवाखेड़ा		74—नरायनपुर		
24—तीरगढ़ी				75—सन्यासीवाला		
25—वीरपुरी				76—सुरजपुर		
26—चतरपुर बगीची				77—अमियावाला		
27—बहादरपुर				78—भवानीपुर		
28—हमीरावाला				79—जगतपुरपट्टी		12.जगतपुरपट्टी
29—भगवन्तपुर जसपुर				80—गौरा		
30—रामनगर जसपुर		5—रामनगर जसपुर		81—हल्दुआसाहू		
31—निवारमुण्डी				82—शिवराजपुर		
32—खालीपार				83—लालपुर		13.लालपुर
33—हजीरो				84—बाबरखेड़ा		
34—कृपाचार्यपुर				85—हरियावाला		
35	मेघावाला		86	शाहगंज		
36	बढ़इयोवाला	. बढ़इयोवाला	87	कुण्डा		4.कुण्डा
37	मलपुरी		88	बक्सौरा		
38	मलपुरा		89	टीला		
39	भोगपुर जसपुर		90	गनेशपुर		
40	कल्यानपुर		91	केसरीपुर		
41	जगदीशवाला		92	गिरघ्याई मुंशी		
42	टांडाप्रभापुर		93	बैंतवाला		15.बैंतवाला
43	आमका		94	करनपुर		
44	पतरामपुर	7. पतरामपुर	95	भरतपुर		
45	सीपका		96	बगवाड़ा		
46	मिलकसीपका		97	पस्तौरा		
47	मनोरथपुर I		98	गढ़ीनेगी		16.गढ़ीनेगी
48	मनोरथपुर II		99	किलावली		
49	मनोरथपुर III		100	दुर्गापुर		
50	फजलपुर		101	नवलपुर		
51	भड़ा					

———————————————————————————————————————

आज्ञा से
एस0के0दास
प्रमुख सचिव

संख्या एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि अधिसूचना के अग्रेजी अनुवाद सहित निदेशक राजकीय मुद्रणालय, रूड़की को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया इसे विधायी परिशिष्ट भाग–4 खण्ड ख परिनियत आदेश में प्रकाशित कराकर मुद्रित अधिसूचना की 200 प्रतियां राजस्व विभाग, उत्तरांचल शासन देहरादून को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

आज्ञा से
एस0के0दास
प्रमुख सचिव

संख्या एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– मुख्य राजस्व आयुक्त, उत्तरांचल, देहरादून।
2– आयुक्त, कुमाऊ मण्डल, नैनीताल।
3– रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय, नैनीताल।
4– निदेशक, सूचना निदेशालय, उत्तरांचल।
5– समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तरांचल शासन ।
6– समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।

आज्ञा से
हस्ताक्षर
एस0के0 दास
प्रमुख सचिव

परिशिष्ट–3

उत्तरांचल शासन,
राजस्व विभाग
संख्या– 124/राजस्व/2004
देहरादून दिनांक 11 फरवरी, 2004
अधिसूचना

उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम–1901) (अधिनियम संख्या–III वर्ष 1901) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश 2001 की धारा 11 की उपधारा (2) के अधीन शक्ति का प्रयोग करते हुये और पूर्व में इस निमित्त जारी की गयी सरकारी अधिसूचनाओं के आंशिक उपान्तरण में राज्यपाल महोदय इस अधिसूचना के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से जनपद ऊधमसिंहनगर की उपतहसील गदरपुर को उच्चीकृत कर पूर्ण तहसील सृजित करते हैं।

2– राज्यपाल यह भी निर्देश देते हैं कि इस अधिसूचना की किसी बात से किसी विधि न्यायालय में, जिसने उक्त क्षेत्रों के सम्बंध में अब तक अधिकारिता का प्रयोग किया है, पहले से प्रारम्भ या लम्बित किसी विधिक कार्यवाही पर कोई प्रभाव नही पड़ेगा ।

आज्ञा से
ह0
सोहन लाल
अपर सचिव

संख्या एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि अधिसूचना के अग्रेजी अनुवाद सहित संयुक्त निदेशक राजकीय मुद्रणालय, रूड़की को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया इसे विधायी परिशिष्ट भाग–4 खण्ड ख परिनियत आदेश में प्रकाशित कराकर मुद्रित अधिसूचना की 200 प्रतियां राजस्व विभाग, उत्तरांचल शासन, देहरादून को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

आज्ञा से

ह0
सोहन लाल
अपर सचिव

संख्या एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– मुख्य राजस्व आयुक्त, उत्तरांचल, देहरादून।
2– आयुक्त, कुमाऊ मण्डल, नैनीताल।
3– रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय, नैनीताल।
4– निदेशक, सूचना निदेशालय, उत्तरांचल।
5– समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तरांचल शासन ।
6– समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
7– निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तरांचल।
8– गार्ड फाईल

आज्ञा से
हस्ताक्षर
सोहन लाल
अपर सचिव

परिशिष्ट–4

उत्तरांचल शासन,
राजस्व विभाग
संख्या– 1556 / राजस्व / 2003
देहरादून दिनांक 15 अक्टूबर, 2003
अधिसूचना

उत्तर प्रदेश (भू–राजस्व अधिनियम–1901) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश) 2001 की धारा 11 की उपधारा (2) के अधीन शक्ति का प्रयोग करके और इस निमित्त जारी की गयी सरकारी अधिसूचनाओं के गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से जनपद ऊधमसिंहनगर की उपतहसील बाजपुर को उच्चीकृत कर पूर्ण तहसील सृजित करते हैं।

2– राज्यपाल यह भी निर्देश देते हैं कि इस अधिसूचना की किसी बात से किसी विधि न्यायालय में, जिसने उक्त क्षेत्रों के सम्बंध में अब तक अधिकारिता का प्रयोग किया है, पहले से प्रारम्भ या लम्बित किसी विधिक कार्यवाही पर कोई प्रभाव नही पड़ेगा ।

आज्ञा से

एस0के0दास
अपर सचिव

संख्या एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि अधिसूचना के अग्रेजी अनुवाद सहित संयुक्त निदेशक राजकीय मुद्रणालय, रूड़की को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया इसे विधायी परिशिष्ट भाग–4 खण्ड ख परिनियत आदेश में प्रकाशित कराकर मुद्रित अधिसूचना की 200 प्रतियां राजस्व विभाग, उत्तरांचल शासन, देहरादून को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

आज्ञा से

एस0के0दास
अपर सचिव

संख्या एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– मुख्य राजस्व आयुक्त, उत्तरांचल, देहरादून।
2– आयुक्त, कुमाऊ मण्डल, नैनीताल।
3– रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय, नैनीताल।
4– निदेशक, सूचना निदेशालय, उत्तरांचल।
5– समस्त प्रमुख सचिव / सचिव, उत्तरांचल शासन ।
6– समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
7– निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तरांचल।
8– गार्ड फाईल

आज्ञा से
हस्ताक्षर
एस0के0दास

अपर सचिव

परिशिष्ट–5

संख्या 151 / राजस्व / 2004

प्रेषक,

एन0एस0नपलच्याल
प्रमुख सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी
ऊधमसिंहनगर।

राजस्व विभाग देहरादूनः दिनांकः 23 फरवरी, 2004

विषय :– तहसील सितारगंज को उपजिलाधिकारी क्षेत्र घोषित किया जाना।

———————

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त तहसील सितारगंज को उपजिलाधिकारी क्षेत्र घोषित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

2– प्रकरण में पदों / स्टाफ की स्वीकृति शीघ्र ही निर्गत की जायेगी।

भवदीय

हस्ताक्षर
(एन0एस0नपलच्याल)
प्रमुख सचिव।

परिशिष्ट–6

उत्तरांचल शासन
भूमि संसाधन शाखा (राजस्व विभाग)
संख्या–2408 / राजस्व / 2001
देहरादूनः दिनांक 26 सितम्बर, 2001
कार्यालय ज्ञाप

उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 (अधिनियम संख्या 29 सन् 2000) की धारा–87 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री राज्यपाल महोदय तात्कालिक प्रभाव से पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश राज्य में कार्यरत राजस्व परिषद के स्थान पर उत्तरांचल में मुख्य राजस्व आयुक्त कार्यालय का गठन एवं उसके अधीन निम्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पदों एवं वेतनमानों की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैंः–

क्र.सं.	पदनाम	स्वीकृत पद	वेतनमान
1	मुख्य राजस्व आयुक्त	1	रू0 22,400–24,500 / –
2	मुख्य राजस्व आयुक्त के स्टाफ आफिसर	1	रू0 6,500–10,500 / –
3	वैयक्तिक सहायक	1	रू0 5,500–9000 / –
4	आशुलिपिक–सह डाटा इंट्री आपरेटर	1	रू0 4,000–6,000 / –
5	ड्राईवर	1	रू0 3050–4590 / –
6	चपरासी	2	रू0 2550–3,250 / –
7	पेशकार	1	रू0 5,500–9,000 / –
8	अहलमद	2	रू0 4,500–7,000 / –
9	न्यायालय चपरासी	1	रू0 2550–3,250 / –
10	अपर राजस्व आयुक्त	1	रू0 14,300–18,300 / –
11	आशुलिपिक–सह डाटा इंट्री आपरेटर	1	रू0 4,000–6,000 / –
12	ड्राईवर	1	रू0 3050–4590 / –
13	चपरासी	1	रू0 2550–3,250 / –
14	अधीक्षक	1	रू0 6,500–10,500 / –
15	प्रवर वर्ग सहायक सह डाटा इंट्री आपरेटर	4	रू0 55,00–9000 / –
16	अवर वर्ग सहायक सह डाटा इंट्री आपरेटर	2	4,500–7,000 / –
17	कार्यालय सहायक (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी)	2	2,550–3,250 / –
18	वित्तीय अधिकारी	1	रू0 8,000–13,500 / –
19	लेखाकार सह डाटा इंट्री आपरेटर	2	रू0 5,000–8,000 / –
20	सहायक लेखाकार सह डाटा इंट्री आपरेटर	1	रू0 4,000–6,000 / –
21	कैशियर सह डाटा इंट्री आपरेटर	1	रू0 4,000–6,000 / –
22	कार्यालय सहायक (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी)	2	रू0 2,550–3,250 / –
23	डाटा इंट्री आपरेटर	2	रू0 5,000 / – (नियत

			वेतन)

2— मुझे यह भी कहने का निर्देश हुआ है कि मुख्य राजस्व आयुक्त राजस्व विभाग, चकबन्दी विभाग, भू—अधिग्रहण विभाग, बन्दोबस्त विभाग के विभागाध्यक्ष भी होंगे और उनके द्वारा निम्न कार्य सम्पन्न किये जायेंगे :—

1— एसिसमेन्ट एण्ड कलेक्शन आफ लैण्ड रेवेन्यू।
2— मेन्टीनेन्श आफ लैण्ड रिकार्डस।
3— सर्वे, सिटिलमेन्ट एण्ड रिकार्ड आपरेशन।
4— एबोल्यूशन आफ जमींदारी एण्ड सिंलिग ऑन लैण्ड होल्डिंग्स।
5— कन्सोलिडेशन आफ होल्डिंग्स कमिश्नर एण्ड डाईरेक्टर फार कन्शोलिडेशन।
6— रेवेन्यू ज्यूडिसेरी।
7— लेजिसलेशन कलक्टेड विद् एग्रीकल्चरल डेविट्स।
8— रिलीफ ऑन एकाउण्ट ऑफ नैचुरल कलाइमिटीज।
9— लॉनस फॉर एग्रीकल्चरल डेवलपमैण्ट (तकावी)
10—लार्ज लैण्ड होल्डिंग्स टैक्स।
11— कोलोनाईजेशन।
12— क्रोप एण्ड सीजन रिपोर्ट एण्ड रेनफॉल स्टेटिस्टस।
13— डिस्ट्रिक गजेटियर्स एण्ड दियर रिवीजन।
14— एक्वीजिशन ऑफ लैण्ड।
15— सबोडिनेट रेवेन्यू सर्विस।
16— एडमिनिस्ट्रेशन आफ गवर्नमेण्ट इस्टेटस।
17— एडमिनिस्ट्रेशन आफ गवर्नमेण्ट इस्टेटस ग्रान्टस एक्ट
18— भूदान एण्ड ग्रामदान
19— अन्य कार्य जो समय—समय पर शासन द्वारा अधिसूचित अथवा आदेशित किया जाए।

3 — मुख्य राजस्व आयुक्त/अपर राजस्व आयुक्त का मुख्यालय देहरादून में होगा और सर्किट कोर्ट के रूप में उनके द्वारा न्यायिक कार्य पौडी एवं नैनीताल में किया जाएगा।

4— कम्प्यूटर चलाने के लिए दक्ष कर्मचारी उपलब्ध नहीं होते हैं तो जब तक कर्मचारियों को कम्प्यूटर पर प्रशिक्षित किया जाता है तब तक के लिए दो डाटा इंट्री आपरेटर संयत वेतन रू0 5,000/— प्रतिमाह पर अधिकतम छः माह तक की अविध के लिए रखे जायेंगे।

5— इस संबंध में होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2001—02 के आय व्ययक के अनुदान संख्या—7 लेखा शीर्षक—2052— 099— मुख्य राजस्व आयुक्त के नामे डाला जायेगा।

एस0के0दास
प्रमुख सचिव
राजस्व विभाग
उत्तरांचल शासन

संख्या एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1— मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन देहरादून।
2— प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ।
3— मा0 अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

4– मुख्य राजस्व आयुक्त/अपर राजस्व आयुक्त उत्तराखण्ड, देहरादून।
5– प्रमुख सचिव वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
6– आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
7– समस्त सचिव/अपर सचिव, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
8– सचिव श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड देहरादून।
9– मुख्य निवेश आयुक्त एवं स्थानीय आयुक्त, उत्तराखण्ड नई दिल्ली।
10– आयुक्त, पुनर्गठन,उत्तरांचल शासन लखनऊ।
11– महालेखाकार, उत्तरांचल नार्दन हिल्स इलाहबाद।
12– आयुक्त गढ़वाल/कुमायूं मंडल, पौड़ी/नैनीताल।
13– रजिस्ट्रार माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल।
14– रजिस्ट्रार, राजस्व परिषद, उ0प्र0 इलाहबाद।
15– निदेशक, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून।
16– समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड ।
17– निजी सचिव, मा0 वित्त एवं राजस्व मंत्री जी, उत्तराखण्ड ।
18– कोषाधिकारी, देहरादून।
19– भूमि संसाधन शाखा (राजस्व विभाग) उत्तराखण्ड सचिवालय, देहरादून।

(सोहन लाल)
अपर सचिव
राजस्व विभाग
उत्तराखण्ड शासन

संख्या– 08 / मु0रा0आ0 / 2001 देहरादूनः दिनांक 17 सितंबर, 2001

प्रेषक,

मुख्य राजस्व आयुक्त,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

सेवा में,

1– आयुक्त,
गढ़वाल / कुमायूं मंडल
पौड़ी / नैनीताल
2– समस्त जिलाधिकारी,
उत्तराखण्ड ।

विषय– मुख्य राजस्व आयुक्त कार्यालय में कतिपय तृतीय श्रेणी पदों पर नियुक्ति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि नवसृजित मुख्य राजस्व आयुक्त कार्यालय, उत्तराखण्ड में राजस्व विभाग के अंतर्गत विभिन्न कार्यालय / अधिष्ठानों से निम्न पदों पर इच्छुक कार्मिकों की नियुक्ति / तैनाती की जानी हैः–

1– स्टाफ आफीसर वेतनमान–रू0–6500–10500
2– वैयक्तिक सहायक वेतनमान रू0 5500–9000
3– प्रवर वर्ग सहायक– वेतनमान रू0 5500–9000
डाटाइंट्री आपरेटर
4– अवर वर्ग सहायक वेतनमान रू0 4500–7000
डाटाइंट्री आपरेटर
5– पेशकार वेतनमान रू0 5500–9000
6– अहलमद वेतनमान रू0 4500–7000
7– आशुलिपिक सह वेतनमान रू0 4000–6000
डाटाइंट्री आपरेटर

उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु इच्छुक कार्मिकों को निम्न अर्हताऐं पूर्ण की जानी अनिवार्य होंगी :–

1– संबंधित कार्मिक के नियमानुसार मौलिक / नियमित रूप से तैनाती .विषयक आदेश की प्रति।
2– उनके पूर्ण सेवा अभिलेख, वैयक्तिक पत्रावली, चरित्र पंजिका, विभागीय कार्यवाही, सतकर्ता जांच की स्थिति एवं प्रासंगिक अभिलेख।
3– वर्तमान पद पर मौलिक नियुक्ति एवं स्थायीकरण की तिथि
4– वर्तमान पद पर अनुमन्य वेतनमान।
5– इच्छुक कार्मिक की न्यूनतम 10 वर्ष की नियमित सेवा अनिवार्य।
6– टंकण एवं कंप्यूटर का अनुभव।

अतः अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ राजस्व विभाग के समस्त अधिष्ठानों से संबंधित इच्छुक कार्मिकों का पूर्ण अभिलेख अपनी विशिष्ठि संस्तुति सहित 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। निश्चित अवधि के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

भवदीय
ह0
(एस0के0दास)
मुख्य राजस्व आयुक्त,

उत्तराखण्ड, देहरादून।

परिशिष्ट– 7

संख्या–5485 / 1–4 / 95–180–बी–4 / 95

प्रेषक,

श्री राममिलन आर्य,
उपसचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद, उ0 प्र0,
अनुभाग–12, लखनऊ

राजस्व अनुभाग– 4, लखनऊ दिनांक 19 अक्टूबर, 1995

विषयः– चालू वित्तीय वर्ष 1995–96 में नवसृजित जनपद ऊधमसिंहनगर के लिये जिलाधिकारी तथा सम्बद्ध पदों का सृजन, दो एम्बेसडर नोवा कारों तथा 3 टेलीफोन के क्रय तथा कार्यालय व्यय हेतु धन के आवंटन की स्वीकृति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि मा0 राज्यपाल महोदय नवसृजित जनपद– ऊधमसिंहनगर के लिये जिलाधिकारी के एक अस्थायी पद तथा उनसे सम्बद्ध निम्नलिखित अस्थायी पदों को उनके सम्मुख लिखित वेतनमानों तथा संख्या में आदेश निर्गत होने अथवा नियुक्ति की तिथि से, जो भी बाद में हो, दिनांक 29 फरवरी, 1996 तक के लिये सृजित किये जाने की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान करते हैं कि ये पद किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के समाप्त किये जा सकते हैं ।

क्र0 सं0	पदनाम	वेतनमान	पदों की संख्या
1–	जिलाधिकारी	भारतीय प्रशासनिक सेवा का जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव वेतनमान (रू 3950–5000) वरिष्ठ वेतनमान (रू. 3200–4700)	1
2–	प्रशासनिक अधिकारी	रू–1640–60–2600–द0रो0–75–2900	1
3–	आशुलिपिक	रू–1400–40–1600–50–द0रो0–60–2600	1
4–	रीडर	रू–1400–40–1800–द0रो0–50–2300	1
5–	ज्येष्ठ सहायक	रू–1400–40–1800–द0रो0–50–2300	6
6–	वरिष्ठ सहायक	रू–1350–30–1440–40–1800–द0रो0–50–2200	3
7–	वरिष्ठ लिपिक	रू–1200–30–1560–द0रो0–40–2040	3
8–	कनिष्ठ लिपिक	रू– 950–20–1150–द0रो0–25–1500	4
9–	जमादार	रू– 775–12–953–द0रो0–14–1025	1
10.	चपरासी	रू– 750–12–870–द0रो0–14–940	7
11.	वाहन चालक	रू– 950–20–1150–द0रो0–25–1500	2
12.	मेहतर	रू– 750–12–870–द0रो0–14–940	1
13	चौकीदार	रू– 750–12–870–द0रो0–14–940	1
14	जलहारक	रू– 750–12–870–द0रो0–14–940	1
15	माली	रू– 750–12–870–द0रो0–14–940	1
		कुल पद	34

2— उक्त पदों के धारकों को समय–समय पर शासन द्वारा जारी आदेशों के अन्तर्गत महंगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते जो भी अनुमन्य हों, देय होंगे।

3— राज्यपाल महोदय जिलाधिकारी को शासकीय प्रयोगार्थ तथा जनपद के विशिष्ट व्यक्तियों के प्रयोगार्थ प्रति वाहन रू. ,4,20,000.00(चार लाख बीस हजार मात्र) की अनाधिक लागत से दो एम्बेसडर नोवा कार क्रय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान करते हैं कि उक्त दो वाहनों का क्रय निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किसी अनुमोदित फर्म से भारत सरकार के डी.जी.एस.एण्ड.डी. के रेट कान्ट्रेक्ट के फार्म ''डी'' पर किया जाय ।

4— राज्यपाल महोदय उपर्युक्त तीन टेलीफोन ओ.वाई.टी. योजना के अन्तर्गत लगाने हेतु रू0 45, 000.00 (रूपये पैंतालीस हजार मात्र) तथा कार्यालय ब्यय हेतु रू0 2,00,000.00 (रू0 दो लाख मात्र)– की भी सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं ।

5— उक्त सम्पूर्ण योजना पर चालू वित्तीय वर्ष 1995–96 में कुल रू0 14,00,000/– (रूपये चौदह लाख मात्र) का व्यय निहित है जिसके लिये आय–व्ययक में कोई व्यवस्था नही है । चूँकि उपर्युक्त व्यय आवश्यक एवं अपरिहार्य है, अतः राज्यपाल महोदय संलग्न परिशिष्ट– 1 के अनुसार ''राज्य आकस्मिकता निधि से 14,00,000/– (रूपये चौदह लाख मात्र) को अग्रिम आहरित किये जाने की भी स्वीकृति प्रदान करते हैं, जिसकी प्रतिपूर्ति अनुपूरक अनुदान के माध्यम से यथासमय की जायेगी।

6— इस सम्बंध में होने वाला व्यय प्रथमतः लेखाश्शीर्षक ''8000– आकस्मिकता निधि–आकस्मिकता निधि लेखा'' के नाम डाला जायेगा तथा अन्तः अनुदान संख्या 50 के अधीन ''लेखाश्शीर्षक 2053– जिला प्रशासन –आयोजनेत्तर– 093– जिला स्थापनायें– 03– कलेक्टरी स्थापना'' के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नाम डाला जायेगा ।

7— उपरोक्त पद जिलाधिकारी द्वारा ही निर्धारित चयन प्रक्रिया के अनुसार स्वयं अथवा परिषद के सहयोग से भरे जायेंगे एवं इन पद धारको को जनपद के सृजन की तिथि से जनपद को स्थानान्तरित माना जायेगा । इनके नियुक्ति प्राधिकारी जिलाधिकारी होंगे।

8— उक्त लेखाशीर्षक के अधीन सम्बन्धित मदों से धनराशि आहरित करने हेतु जिलाधिकारी ऊधमसिहनगर को आहरण एवं वितरण अधिकारी भी घोषित किया जाता है।

संलग्नक– परिशिष्ट– 1

भवदीय,
हस्ताक्षर
राम मिलन आर्य
उप सचिव

वित्त विभाग

संख्या–ई–5/सी0एफ0/152–10–95
लखनऊ दिनांक अक्टूबर, 1995

प्रतिलिपि महालेखाकार (लेखा प्रथम) उत्तर प्रदेश इलाहाबाद को एक अतिरिक्त प्रति सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

आज्ञा से
ह0
(मुशीर अहमद)
उप सचिव, वित्त विभाग

संख्या–5485(1)/1–4/95–180–बी–4/95 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1– महालेखाकार (लेखा प्रथम) उ0प्र0इलाहाबाद।
2– जिलाधिकारी, ऊधमसिंहनगर, मुख्यालय रूद्रपुर ।
3– आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश, अनुभाग– 14 (बजट) लखनऊ ।
4– कोषाधिकारी ऊधममसिंहनगर/नैनीताल ।
5– वित्त (व्यय नियन्त्रण) अनुभाग– 5,
6– वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग– 2,
7– वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग– 1, 2, (तीन–तीन प्रतियों में)
8– संयुक्त सचिव एवं वरिष्ठ लेखाधिकारी, इरला चैक अनुभाग (वेतन पर्ची प्रकोष्ठ) ।
9– नियुक्ति अनुभाग– 1
10– मण्डलायुक्त, कुमायूँ, मण्डल, नैनीताल ।
11– परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
12– राजस्व अनुभाग 5/6/9

आज्ञा से
हस्ताक्षर
(राममिलन आर्य)
उप सचिव

शासनादेशसंख्या–5485/1–4/95–180–बी–4/95 दिनांक 19 अक्टूबर, 1995 का संलग्नक–

परिशिष्ट– 1

अनुदान संख्या– 50 लेखाश्शीर्षक 2053– जिला प्रशासन–आयोजनेत्तर– 093– स्थापनाएं– 03–कलेक्टरी स्थापना ।

मद का नाम	कुल धनराशि हजार रूपये में
01– वेतन	2-00
03– मंहगाई भत्ता	2-72
05– अन्य भत्ते	-63
06– कार्यालय ब्यय	2-00
32– अन्तरिम सहायता	2-00
07– टेलीफोन पर व्यय	.45
08– कार्यालय के प्रयोग के लिये स्टाफ कारों व अन्य मोटर गाड़ियों का क्रय	4.20
कुल योय रू0	14.00

ह0
राममिलन आर्य
उप सचिव

परिशिष्ट– 8

संख्या– 57 / 18 (1) / 2005

प्रेषक,

एनएस0नपलच्याल,
प्रमुख सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तरांचल।
(जनपद हरिद्वार को छोड़कर)

राजस्व विभाग देहरादूनःदिनांकः 28 जनवरी, 05

विषय– नवसृजित तहसील / उप तहसीलों के पदों के सृजन की स्वीकृति।

महोदय,

उपयुक्त विषयक शासनादेश संख्या–1462 / राजस्व / 2003 दि0 22 सितंबर, 2003, शासनादेश संख्या–22 / राजस्व / 2004 दिनांक 24 जनवरी, 2004 तथा शासनादेश संख्या–82 / राजस्व / 2004 दिनांक 4 फरवरी, 2004 के द्वारा क्रमशः 19, 19 एवं 151 अर्थात 189 पदों का सृजन 12 तहसीलों एवं 1 उप तहसील के लिए किया गया था। अब शासन स्तर पर तहसीलों / उप तहसीलों के पदों का पुनर्गठन करने के निर्णय के क्रम में प्रति तहसील एवं उप तहसीलों हेतु तहसीलदार एवं उप जिलाधिकारी हेतु अनुमन्य पदों के पुर्न निर्धारण के उपरान्त पूर्व में उक्त नई तहसीलों के लिए पदों के सृजन के उपरिउल्लिखित शासनादेश दिनांक 22.9.2003, दिनांक 24.1.2004 एवं दि0 4.2.2004 को निरस्त करते हुए उत्तरांचल में विभिन्न चरणों में अब तक नवसृजित कुल 29, तहसीलों एवं 6 उप तहसीलों (कुल 35 इकाईयों का सृजन परिशिष्ट–1 के अनुसार किया गया था) के भौतिक आधार पर छोटा हो जाने तथा जनसंख्या कम होने के फलस्वरूप तहसील / उप तहसील में कार्य लगभग समान रह गया है। अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि उक्त नवसृजित सभी 35 तहसीलों / उप तहसीलों के लिए निम्नानुसार आदेश निर्गत होने की तिथि अथवा पदों को भरे जाने की तिथि, जो भी पूर्व में हो, से दिनांक 28.2.2005 तक के लिए बशर्ते की उक्त पद बिना किसी पूर्व सूचना के इसके पूर्व समाप्त न कर दिए जाएं, सृजित किए जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

तहसील / उप तहसील

क्र.सं.	पदनाम	प्रति तहसील / उप तहसील पदों की संख्या	कुल पदों की संख्या	वेतनमान
1	2	3	4	5
1	नायब तहसीलदार	1	35	रू0–5500–9000
2	नायब नाजिर	1	35	रू0–4000–6000
3	मो0ज्यूडिशियल	1	35	रू0 3050–4590
4	रजिस्ट्रार कानूनगो	1	35	रू0–4000–6000
5	वासिलवाकी नवीस	1	35	रू0 4000–6000
6	डाटा इंट्री आपरेटर	1	35	रू0–3050–4590
7	चौकीदार	1	35	रू0 2550–3200
8	अनुसेवक	2	70	रू0 2550–3200
	योग–	9	315	

तहसील कार्यालय हेतु पद –

क्र.सं.	पदनाम	प्रति तहसील/ उप तहसील पदों की संख्या	कुल पदों की संख्या	वेतनमान
1	2	3	4	5
1	तहसीलदार	1	29	रू0 8000–13500
2	वाहन चालक	1	29	रू0 3050–4590
3	अनुसेवक	1	29	रू0 2550–3200
योग –		3	87	

तहसीलों का आकार छोटा होने, जनसंख्या कम होने एवं कार्य की कमी को देखते हुए दो तहसीलों पर एक उप जिलाधिकारी पद सृजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस प्रकार उप जिलाधिकारी के क्षेत्राधिकार पुनर्वर्गीकरण करते हुए परिशिष्ट–2 के अनुसार 2 तहसीलों पर एक उप जिलाधिकारी रखने पर निम्न प्रकार से उपजिलाधिकारी के 10 अतिरिक्त पदों एवं उनके स्टाफ के सृजन की आवश्यकता होगी :–

उपजिलाधिकारी कार्यालय हेतु पद :–

क्र. सं.	पदनाम	कुल पदों की संख्या	वेतनमान
1	2	3	4
1	उपजिलाधिकारी	10	रू0 8000–13500
2	आशुलिपिक– सह–डाटा इंट्र आपेरेटर	10	रू0 4000–6000
3	पेशकार	10	रू0 4000–6000
4	वाहन चालक	10	रू0 3050–4590
5	अनुसेवक	10	रू0 2550–3200
योग		50	
उपरोक्त तीनों तालिकाओं में सृजित किए जा रहे कुल पद–452			

4– पूर्व से स्वीकृत 9 उप तहसीलों के उच्चीकृत होने और उपरोक्तानुसार पदों के सृजन की आवश्यकता होने के कारण इन 9 उप तहसीलों यथा– जखोली, धनोल्टी, जाखणीधार, बेरीनाग, बाजपुर, गदरपुर, रामनगर, कालाढुंगी, बेतालघाट में पूर्व में उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा स्वीकृत समस्त पदों (कुल 74) को एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है और उक्त तहसीलों हेतु अब उपरोक्त पुनर्गठन के अनुसार पद सृजित माने जाएंगे।

5– उक्त पदधारकों का उक्त पद के वेतन के अथवा शासन द्वारा समय–समय पर अनुमन्य किये गये मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते आदि भी देय होंगे।

6– उक्त पदों के सृजन के फलस्वरूप तद्विषयक संवर्गों की अस्थायी अभिवृत्ति के रूप में माने जाएंगे।

7– उक्त पदों में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पदों पर प्रदेश के यथासंभव जनपदों/संबंधित जनपदों से उपलब्ध छटनीशुदा/सरप्लस कर्मियों के पूल से प्रथम वरीयता के अनुसार भरे जायेंगे और इस प्रकार से पद उपलब्ध होने पर ही संगत सेवा नियमावली की व्यवस्थानुसार भरे जायेंगे।

8– इस संबंध में होने वाला व्यय संबंधित वित्तीय वर्ष के आय–व्ययक अनुदान संख्या–6–

लेखाशीर्षक–2053–जिला प्रशासन–00– आयोजनेत्तर–093–जिला स्थापनाएं– 03–कलैक्ट्री स्थापना के अंतर्गत सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नाम में डाला जाएगा।

9– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–2232/वि0अनु0–3/2004 दि0 15.1.2005 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किए जा रहे हैं।

भवदीय

(एन0एस0नपलच्याल)
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1– महालेखाकार, उत्तरांचल देहरादून।
2– मुख्य राजस्व आयुक्त, उत्तरांचल देहरादून।
3– आयुक्त कुमायूं/गढ़वाल मंडल, उत्तरांचल।
4– वरिष्ठ कोषाधिकारी, संबंधित जनपद।
5– वित्त अनुभाग–3
6– गार्ड फाइल।

आज्ञा से
(सोहन लाल)
अपर सचिव।

ऊधमसिंहनगर

1–	तहसील काशीपुर	तहसीलदार	उप जिलाधिकारी
2–	तहसील जसपुंर	तहसीलदार	
1–	तहसील बाजपुर	तहसीलदार	उप जिलाधिकारी
2–	तहसील गदरपुर	तहसीलदार	
1–	तहसील सितारगंज	तहसीलदार	उप जिलाधिकारी
1–	तहसील किच्छा/रुद्रपुर	तहसीलदार	उपजिलाधिकारी
1–	तहसील खटीमा	तहसीलदार	उपजिलाधिकारी

परिशिष्ट– 9

संख्या– 226(1)/18(1)/2005

प्रेषक,

एन0एस0नपलच्याल
प्रमुख सचिव,
उत्तरांचल शासन

सेवा में,

मुख्य राजस्व आयुक्त,
उत्तरांचल,
देहरादून ।

राजस्व विभाग देहरादून दिनांक 4 अप्रेल, 2005

विषयः– जिला कार्यालय (कलक्ट्रेट) ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत सृजित अस्थायी पदों का स्थायीकरण ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जिलाधिकरी ऊधमसिंहनगर के पत्र संख्या– 1631/नवम्–देय लि0/ 2005 दिनांक 30 मार्च, 2005 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय संलग्नक में उल्लिखित जिला कार्यालय (कलक्ट्रेट) ऊधमसिंहनगर हेतु सृजित अस्थायी पदों को दिनांक 1 मार्च, 1998 से स्थायी पदों में परिवर्तित किये जाने की स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– उक्त पदों के पदधारकों को शासन द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार महंगाई भत्ता, अन्य भत्ते जो उन्हें अनुमन्य हो, भी देय होंगे ।

3– उपर्युक्त पदों पर होने वाला व्यय आय–व्ययक की अनुदान संख्या– 6 के लेखाश्शीर्षक– 2053 जिला प्रशासन– आयोजनेत्तर– 093– जिला स्थापनायें– 03 –कलैक्टरी स्थापना के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामें डाला जायेगा ।

4– प्रमाणित किया जाता है कि इन पदों का स्थायीकरण कार्यालय ज्ञाप संख्या– ए–2–797/दस–87–24(12)–87 दिनांक 25.5.1987 में निहित सभी शर्तो की पूर्ति के बाद किया जा रहा है ।

संलग्नः– यथोक्त

भवदीय,
ह0
(एन0एस0नपलच्याल)
अपर सचिव

संख्या एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, उत्तरांचल, देहरादून ।
2– आयुक्त, कुमायूँ मण्डल, नैनीताल ।
3– जिलाधिकारी, ऊधमसिंहनगर।
4– वित्त अनुभाग– 3
5– गार्ड फाईल

आज्ञा से
हस्ताक्षर
(सोहन लाल)
अपर सचिव

परिशिष्ट– 10

संख्या 402 / 18(1) / 2005

प्रेषक,

सोहन लाल,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन ।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
उधमसिंह नगर / चम्पावत / बागेश्वर / रूद्रप्रयाग / हरिद्वार।

राजस्व विभाग देहरादून दिनांक 22 नवम्बर, 05

विषयः– जिला कार्यालय हेतु 05 कुर्सी बुनकरों के पद सृजन के सम्बंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नवसृजित जनपदों यथा उधमसिंह नगर, चम्पावत, बागेश्वर, रूद्रप्रयाग, हरिद्वार के लिये निम्नानुसार आदेश निर्गत होने की तिथि अथवा पदों को भरे जाने की तिथि, जो भी पूर्व में हो, से दिनांक 28.2. 2006 तक के लिए बशर्ते कि उक्त पद बिना किसी पूर्व सूचना के इसके पूर्व समाप्त न कर दिये जाये, सृजित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैंः–

क्र0सं0	जनपद	पदनाम	पदों की संख्या	वेतनमान
1–	उधमसिंह नगर	कुर्सी बुनकर	1	2550–3200
2–	चम्पावत	कुर्सी बुनकर	1	2550–3200
3–	बागेश्वर	कुर्सी बुनकर	1	2550–3200
4–	रूद्रप्रयाग	कुर्सी बुनकर	1	2550–3200
5–	हरिद्वार	कुर्सी बुनकर	1	2550–3200

2– उक्त पदधारकों का उक्त पद के वेतन के अथवा शासन द्वारा समय–समय पर अनुमन्य किये गये मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते आदि भी देय होंगे ।

3– उक्त पद दृष्टिहीनों के लिए आरक्षित होंगे ।

4– इस सम्बंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2005–06 के आय–व्ययक की अनुदान संख्या– 6 लेखाश्शीर्षक– 2053–जिला प्रशासन–00– आयोजनेत्तर–093– जिला स्थापनायें– 03–कलैक्टरी स्थापना के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामें डाला जायेगा।

5– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या– 47 / वि0अनु0 –5 / 2005 दिनांक 16.11.2005 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं ।

भवदीय,
हस्ताक्षर
सोहन लाल,
अपर सचिव

संख्या एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून ।
2– मुख्य राजस्व आयुक्त, उत्तराखण्ड, देहरादून ।
3– आयुक्त, कुमाऊ/गढ़वाल मण्डल, उत्तराखण्ड ।
4– कोषाधिकारी, उधमसिंह नगर/चम्पावत/बागेश्वर/रूद्रप्रयाग /हरिद्वार।
5– वित्त अनुभाग– 5, उत्तराखण्ड शासन ।
6– निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड सचिवालय ।
7– गार्ड फाईल ।

आज्ञा से

सोहन लाल
अपर सचिव

परिशिष्ट– 11

संख्या– 151 / 18(1) / 2005

प्रेषक,

सोहन लाल,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन ।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
बागेश्वर / चम्पावत / रूद्रप्रयाग / उधमसिंह नगर ।

राजस्व विभाग देहरादून दिनांक 25 मार्च, 2006

विषयः– नवसृजित जनपद– बागेश्वर, चम्पावत, रूद्रप्रयाग एवं उधमसिंह नगर में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद का सृजन ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय कलैक्ट्रेट के कार्यो के निस्तारण एवं जिला मुख्यालय पर तैनात प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यभार को कम करने के उद्देश्य से प्रदेश के नवसृजित जनपद– बागेश्वर, चम्पावत, रूद्रप्रयाग एवं उधमसिंह के लिये एक–एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के कुल 4 पदों को वेतनमान रू. 6500–10500 में सृजित किये जाने तथा इस शासनादेश के निर्गत होने की तिथि या नियुक्ति की तिथि जो भी बाद में हो, से 28 फरवरी, 2007 तक के लिये, इस प्रतिबन्ध के अधीन कि उनको बिना पूर्व नोटिस के पहले ही न समाप्त कर दिया जाये, को बनाये रखने की स्वीकृति प्रदान करते हैं । उपर्युक्त अधिकारियों को उपरोक्त वेतनमान में वेतन के अतिरिक्त समय–समय पर शासन द्वारा स्वीकृत दरों पर महंगाई तथा अन्य भत्ते, जो भी अनुमन्य हो, देय होंगे ।

2– उपयुक्त पदों पर नियुक्ति मुख्य राजस्व आयुक्त द्वारा अनुपयुक्त को छोड़ते हुये ज्येष्ठता के आधार पर कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारियों में से प्रोन्नति द्वारा की जायेगी। इनका स्थानान्तरण मण्डल के अन्दर आयुक्त द्वारा मण्डल के बाहर मुख्य राजस्व आयुक्त द्वारा किया जायेगा। सामान्यतः अधिकारी एक जनपद में तीन वर्ष से अधिक अवधि तक नही रहेगा।

3– उक्त पदों पर होने वाला व्यय सम्बंधित वित्तीय वर्ष के आय– व्ययक अनुदान संख्या– 6 लेखाशीर्षक 2053–जिला प्रशासन– आयोजनेत्तर –093– जिला स्थापनायें–03– कलैक्टरी स्थापना के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामें डाला जायेगा ।

4– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या– 170 / वि0अनु0–5 / 2006 दिनांक 25 मार्च, 2006 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं ।

भवदीय,
हस्ताक्षर
सोहन लाल,
अपर सचिव

संख्या एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून ।
2– कोषाधिकारी, बागेश्वर/चम्पावत/रूद्रप्रयाग/उधमसिंह नगर।
3– मुख्य राजस्व आयुक्त, उत्तराखण्ड, देहरादून ।
4– आयुक्त, कुमाऊ मण्डल/गढ़वाल मण्डल, उत्तराखण्ड ।
5– समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड ।
6– वित्त अनुभाग– 5,
7– निदेशक, एन0आई0सी0, ।
8– गार्ड फाईल ।

आज्ञा से

सोहन लाल
अपर सचिव

परिशिष्ट–12

उत्तराखण्ड शासन,
राजस्व विभाग
संख्या–441/18(1)/2006
देहरादून दिनांक 13 नवम्बर, 2006

कार्यालय ज्ञाप

तात्कालिक प्रभाव से कार्मिक अनुभाग– 2 के शासनादेश संख्या– 1536/XXX(2)/2004 दिनांक 27 अक्टूबर, 2004 के क्रम में कलक्ट्रेट में कार्यरत ज्येष्ठ सहायक का पदनाम परिवर्तित करते हुये (मुख्य सहायक) प्रशासनिक अधिकारी ग्रेड– 2 (वेतनमान रू. 5000–150–8000) किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं ।

2– यह आदेश वित्त विभाग की सहमति से जारी किये जा रहे हैं ।

एन0एस0 नपलच्याल,
प्रमुख सचिव ।

संख्या एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– मुख्य राजस्व आयुक्त, उत्तराखण्ड, देहरादून ।
2– आयुक्त, कुमायूँ एवं गढ़वाल मण्डल, उत्तराखण्ड ।
3– समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड ।
4– गार्ड फाईल ।

आज्ञा से

हस्ताक्षर
सुनील सिंह,
अनु सचिव ।

परिशिष्ट– 13

संख्या– 737 / 18(1) / 2006

प्रेषक,

पी0एस0 जंगपांगी,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन ।

सेवा में,

मुख्य राजस्व आयुक्त
उत्तराखण्ड,
देहरादून ।

राजस्व विभाग देहरादून दिनांक 12 दिसम्बर, 2006

विषयः– नवसृजित जनपद– बागेश्वर, चम्पावत, रूद्रप्रयाग एवं उधमसिंहनगर में सहायक भूलेख अधिकारी के पद का सृजन ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या 3773 / 3– त0ना0त0 / 06–07 दिनांक 11 अक्टूबर, 2006 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय जनपद में भूलेख सम्बंधी प्रकिया के कियान्वयन हेतु प्रदेश के नवसृजित जनपद– बागेश्वर, चम्पावत, रूद्रप्रयाग एवं उधमसिंह नगर के लिये एक–एक सहायक भूलेख अधिकारी के कुल 4 पदों को वेतनमान रू. 4500–7000 में सृजित किये जाने तथा इस शासनादेश के निर्गत होने की तिथि या नियुक्ति की तिथि जो भी बाद में हो, से 28 फरवरी, 2007 तक के लिये, इस प्रतिबन्ध के अधीन कि उनको बिना पूर्व नोटिस के पहले ही न समाप्त कर दिया जाये, बनाये रखने की स्वीकृति प्रदान करते हैं । उपर्युक्त अधिकारियों को उपरोक्त वेतनमान में वेतन के अतिरिक्त समय–समय पर शासन द्वारा स्वीकृत दरों पर मंहगाई तथा अन्य भत्ते, जो भी अनुमन्य हो, देय होंगे ।

2– उक्त पदों पर होने वाला व्यय सम्बंधित वित्तीय वष्र के आय– व्ययक की अनुदान संख्या– 6 लेखाश्शीर्षक–2029–भूराजस्व– आयोजनेत्त–103–भू–अभिलेख–03–जिला अधिष्ठान के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामें डाला जायेगा ।

3– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या– 710 / व0अनु0–5 / 2006 दिनांक 24 नवम्बर, 2006 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं ।

भवदीय,

पी0एस0जंगपांगी,
अपर सचिव

संख्या एवं तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून ।
2– आयुक्त, कुमाऊ / गढ़वाल मण्डल, उत्तराखण्ड ।
3– जिलाधिकारी, बागेश्वर / चम्पावत / रूद्रप्रयाग / उधमसिंह नगर ।
4– कोषाधिकारी, बागेश्वर / चम्पावत / रूद्रप्रयाग / उधमसिंह नगर ।
5– वित्त अनुभाग– 5, उत्तराखण्ड शासन ।
6– निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड सचिवालय ।
7– गार्ड फाईल ।

आज्ञा से,
हस्ताक्षर

पी0एस0जंगपांगी,
अपर सचिव

परिशिष्ठ– 14

संख्या 849/XV111 (1)/2011–03(18)/2009

प्रेषक,

कुंवर राजकुमार
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन,

सेवा में,

मुख्य राजस्व आयुक्त,
उत्तराखण्ड देहरादून।

राजस्व अनुभाग–1 देहरादून दिनांक 18 अगस्त 2011

विषयः– जनपद बागेश्वर, चम्पावत, रूद्रप्रयाग एवं ऊधमसिंहनगर में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के सृजित अस्थाई पदों को स्थायी किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या 2423/मु0रा0आ0/2010 दिनांक 24.06.2011 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल शासनादेश संख्या 151/18(1)/2006 दिनांक25.03.2006 के माध्यम से सृजितम 04 वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के अस्थाई पदों को संलग्न विवरणानुसार स्थायी किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– उक्त आदेश अधिकारों का प्रतिनिधायन–अस्थाई पदों का स्थाईकरण विषयक वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या 118/XXV11 (7)/ 2006 दिनांक 31.08.2006 में प्रतिनिहित अधिकारों के अन्तर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्नकः– यथोपरि।

भवदीय
ह0–
(कुंवर राजकुमार)
सचिव

संख्या (1)/ XV111 (1)/11 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित क ो यसंलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार उत्तराखण, माजरा देहरादून।
2–आयुक्त गढ़वाल मण्डल पौढ़ी एवं कुमांऊ मण्डल नैनीताल ।
3–जिलाधिकारी बागेश्वर, चंम्पावत , रूद्रप्रयाग एवं ऊधमसिंहनगर ो
4–कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी बागेश्वर, चंम्पावत , रूद्रप्रयाग एवं ऊधमसिंहनगर ो
5–निदेशक एन0आइ0सी0 उत्तराखण्ड, सचिवालय परिसर देहरादून।
6–वित्त अनुभाग 5/7
7–गार्ड फाईल।

आज्ञा से
(सन्तोष बड़ोनी)
अनुसचिव।

संलग्नक

शासनादेश संख्या 849/xv111 (1)/2011–03(18)/2009 दिनांक 18 अगस्त 2011 द्वारा राजस्व विभाग के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों हेतु दिनांक 01.03.2011 से स्थायी किये गये पदों का विवरण।

क0 सं0	पदनाम	स्थायी किये जाने वाले पदों की संख्या	स्वीकृत वेतनमान	शासनादेश संख्या तथा दिनांक जिसमें पद मूल रूप से सृजित हुआ था	शासनादेश संख्या तथा दिनांक जिसमें अन्तिम बारपद के पद के स्थायीकरण अथवा उसके वाद की तिथि तक उसका सातत्य स्वीकृत किया गया	अभियुक्ति यदि कोई हो
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**
1	वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी	04	9300–34800 ग्रेड पे 4600	शासनादेश संख्या 151/18 (1)/ 2006 दि025.03.2006	123/xv111 (1) /10–03(18)/2009 दि026 जुलाई 2010 तक के लिए निरन्तरता की स्वीकृति प्रदान की गयी है	जनपद बागेश्वर, चम्पावत रूद्रप्रयाग एव ऊधमसिंहनगरं

हस्ताक्षर
(कुंवर राजकुमार)
सचिव
राजस्व विभाग

परिशिष्ट–15

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि शासनादेश संख्या 2–दो (1)/XXXVI(2)/2009 दिनांक 09.04.2009 द्वारा स्वीकृत धनराशि को सम्मिलित करते हुए वित्तीय वर्ष 2009–10 के लिए उत्तराखण्ड के सभी जिलों में कार्यरत शासकीय अधिवक्ताओं (दीवानी, फौजदारी, राजस्व) न्याय मित्रों, नामिका वकीलों मा0उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में उत्तराखण्ड राज्य की ओर सेय वादों में पैरवी/बहस किये जाने हेतु आवद्ध विधि अधिकारियों के फीस आदि के बिलों के भुगतान हेतु मद संख्या 16–ब्यावसायिक तथा विशेष सेवाओकं के लिए भुगतान में निम्न विवरणानुसार कुल रू0 2,44,00,000/– (दो करोड़ चौवालीस लाख रूपये मात्र) की धनराशि को निर्वतन पर रखने जाने की स्वीकृति महामहिम राज्यपाल निम्न शर्तो के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं :–

क्र0सं0	जिला /स्थान	स्वीकृत धनराशि (हजार रूपये में)
1	देहरादून	2300
2	हरिद्वार	3300
3	पौड़ी गढ़वाल	1700
4	टिहरी गढ़वाल	1200
5	उत्तरकाशी	1400
6	चमोली	1400
7	चम्पावत	1300
8	बागेश्वर	900
9	अल्मोडा	1000

10	पिथौरागढ़	1100
11	नैनीताल	2700
12	ऊधमसिंहनगर	2800
13	रूद्रप्रयाग	800
14	मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में उत्तराखण्ड राज्य की ओर से वादों में पैरवी/बहस किये जाने हेतु आबद्ध विधि अधिकारियों के फीस आदि के बिलों के भुगतान हेतु वित्त अधिकारी, इरला चैक अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून के निवर्तन पर रखी गई धनराशि	2500
	योग	24400

(दो करोड़ चौवालीस लाख रूपये मात्र)

(1) कृपया पूर्व माह के व्यय की सूचना प्रपत्र बी0एम0–13 में अंकित कर विलम्बतम 10 तारीख तक शासन में उपलब्ध करायी जाय।

(2) कृपया यह भी सुनिश्चित करें कि उपर्युक्त अनुदान से अधिक व्यय किसी दशा में न किया जाय।

(3) व्यय से पूर्व्र बजट मैनुअल , वित्तीय हस्त पुस्तिका, स्टोर पर्चेज रूल्स, उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रक्योरमेन्ट) नियमावली 2008, मितब्ययता के सम्बन्ध में समय–समय पर निर्गत आदेश एवं तद्विषयक अन्य आदेशों का अनुपालन किया जाय।

(4) वित्त विभाग के शासनादेश संख्या 515/XXVII(1)/2009 दिनांक 28.07.2009 में उल्लिखित दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाय।

2– इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2009–10 के आय व्ययक की अनुदान संख्या–04 के अंतर्गत लेखा शीर्षक 2014–न्याय प्रशासन–00 आयोजनेत्तर–114 विधि सलाहकार और परामर्शदाता (काउन्सिल)–04 विधि परामर्शी तथा सरकारी अधिवक्ता–00 –16–व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान के नामें डाला जाएगा।

3– यह आदेश वित्त विभाग के अ0शा0पत्र संख्या 209 एनपी /XXVII(5)/2009 दिनांक 31. 07.2009 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

(आर0डी0पालीवाल)
सचिव

संख्या–: 27–दो(1)/XXXVI(2)/2009–1–दो(1)/09–तददिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तराखण्ड, माजरा देहरादून।

2– समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी उत्तराखण्ड।

3– वित्त अनुभाग–5 उत्तराखण्ड शासन।

4– संबंधित समीक्षा अधिकारी/गार्ड बुक।

आज्ञा से

(हीरा सिंह बौनाल)
अपर सचिव।

संख्याः 01–दो (1)/XXXVI(2)/2010–1–दो(1)/10

प्रेषक,

आर0डी0पालीवाल,
सचिव, न्याय एवं विधि परामर्शी
उत्तराखण्ड शासन

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तराखण्ड।

न्याय अनुभाग–2 देहरादूनः दिनांकः 01 अप्रेल, 2010

विषय– वित्तीय वर्ष 2010–2011 के लिए धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2010–111 के लिए उत्तराखण्ड के सभी जिलों में कार्यरत शासकीय अधिवक्ताओं (दीवानी, फौजदारी, राजस्व) न्याय मित्रों, नामिका वकीलों तथा जिला शासकीय अधिवक्ताओं के साथ सम्बद्व स्टाफों हेतु बचनबद्ध मदों में निम्न विवरणानुसार कुल रू0 46,50,000/– (रूपये छियालीस लाख पचास हजार मात्र) की धनराशि को निवर्तन पर रखे जाने की स्वीकृति महामहिम राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं :–

(धनराशि हजार रूपये में)

मद / जिले कानाम	01–वेतन	03– मंहगाई भत्ता	06– अन्य भत्ते	08– कार्यालय ब्यय	27–चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति
देहरादून	200	70	30	16	8
हरिद्वार	–	–	–	16	8
पौड़ी गढ़वाल	500	175	50	16	8
टिहरी गढ़वाल	400	140	25	16	8
उत्तरकाशी	400	140	40	16	8
चमोली	400	140	40	16	8
चम्पावत	–	–	–	14	7
बागेश्वर	–	–	–	14	7
अल्मोडा	400	140	45	16	8
पिथौरागढ़	500	175	40	16	8
नैनीताल	200	70	30	16	8
ऊधमसिंह नगर	–	–	–	14	7
रूद्रप्रयाग	–	–	–	14	7

योग	3000	1050	300	200	100

(3000+1050+300+200+100= 4650)

(रूपये छियालीस लाख पचास हजार मात्र)

(1) कृपया पूर्व माह के व्यय की सूचना प्रपत्र बी0एम0–13 में अंकित कर प्रतिमाह विलम्बतम 10 तारीख तक शासन में उपलब्ध करायी जाय।

(2) कृपया यह भी सुनिश्चित करें कि उपर्युक्त अनुदान से अधिक व्यय किसी दशा में न किया जाय।

(3) व्यय से पूर्व बजट मैनुअल , वित्तीय हस्त पुस्तिका, स्टोर पर्चेज रूल्स, उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रक्योरमेन्ट) नियमावली 2008, मितब्ययता के सम्बन्ध में समय–समय पर निर्गत आदेश एवं तद्विषयक अन्य आदेशों का अनुपालन किया जाय।

2– इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2009–10 के आय व्ययक की अनुदान संख्या–04 के अंतर्गत लेखा शीर्षक 2014–न्याय प्रशासन–00 आयोजनेत्तर–114 विधि सलाहकार और परामर्शदाता (काउन्सिल)–04 विधि परामर्शी तथा सरकारी अधिवक्ता–00 के अंतर्गत उपर्युक्त तालिका में अंकित सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामें डाला जाएगा।

भवदीय

(आर0डी0पालीवाल)
सचिव

संख्या–: 1–दो(1)/XXXVI (2)/2010–तददिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तराखण्ड, माजरा देहरादून।
2– समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी उत्तराखण्ड।
3– वित्त अनुभाग–5 उत्तराखण्ड शासन।
4– एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड सचिवालय।
5– गार्ड बुक।

आज्ञा से

(धर्मेन्द्र सिंह अधिकारी)
संयुक्त सचिव।
****

संख्याः 02–दो (1)/XXXVI(2)/2010–1–दो(1)/10

प्रेषक,

धर्मेन्द्र सिंह अधिकारी,
संयुक्त सचिव न्याय एवं संयुक्त विधि परामर्शी,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1– समस्त जिलाधिकारी,
उत्तराखण्ड।
2– वरिष्ठ वित्त अधिकारी,
इरला चैक अनुभाग,
उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

न्याय अनुभाग–2 देहरादूनः दिनांकः 12 अप्रैल, 2010

विषय– वित्तीय वर्ष 2010–2011 के लिए धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2010–11 के लिए उत्तराखण्ड के सभी जिलों में कार्यरत शासकीय अधिवक्ताओं (दीवानी, फौजदारी, राजस्व) न्याय मित्रों, नामिका वकीलों एवं मा0उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में उत्तराखण्ड राज्य की ओर सेय वादों में पैरवी/बहस किये जाने हेतु आवद्ध विधि अधिकारियों के फीस आदि के बिलों के भुगतान हेतु मद संख्या 16–ब्यावसायिक तथा विशेष सेवाओकं के लिए भुगतान में निम्न विवरणानुसार कुल रू0 2,75,00,000/– एवं अन्य आवश्यक अवचनबद्ध मदों के अन्तर्गत रू0 5.00 लाख अर्थात कुल (रूपये दो करोड़ अस्सी लाख मात्र) की धनराशि को निर्वतन पर रखने जाने की स्वीकृति महामहिम राज्यपाल निम्न शर्तो के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं :–

(धनराशि हजार रूपये में)

क्र0 स0	जिला/स्थान	04– यात्रा व्यय	11–लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई	16–व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान
1	देहरादून	15	15	2500
2	हरिद्वार	20	16	3500
3	पौड़ी गढ़वाल	30	16	2000
4	टिहरी गढ़वाल	55	16	1500
5	उत्तरकाशी	50	16	1500
6	चमोली	20	15	1500
7	चम्पावत	20	15	1500

8	बागेश्वर	10	15	1000
9	अल्मोडा	10	15	1000
10	पिथौरागढ़	40	16	1500
11	नैनीताल	10	15	3000
12	ऊधमसिंहनगर	10	15	3000
13	रूद्रप्रयाग	10	15	1000
14	मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में उत्तराखण्ड राज्य की ओर से वादों में पैरवी/बहस किये जाने हेतु आबद्ध विधि अधिकारियों के फीस आदि के बिलों के भुगतान हेतु वित्त अधिकारी, इरला चैक अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून के निवर्तन पर रखी गई धनराशि			3000
	योग	300	200	27500

(रूपये दो करोड़ अस्सी लाख मात्र)

(1) कृपया पूर्व माह के व्यय की सूचना प्रपत्र बी0एम0–13 में अंकित कर विलम्बतम 10 तारीख तक शासन में उपलब्ध करायी जाय।

(2) कृपया यह भी सुनिश्चित करें कि उपर्युक्त अनुदान से अधिक व्यय किसी दशा में न किया जाय।

(3) व्यय से पूर्व बजट मैनुअल , वित्तीय हस्त पुस्तिका, स्टोर पर्चेज रूल्स, उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रक्योरमेन्ट) नियमावली 2008, मितब्ययता के सम्बन्ध में समय–समय पर निर्गत आदेश एवं तद्विषयक अन्य आदेशों का अनुपालन किया जाय।

(4) वित्त विभाग के शासनादेश संख्या 187/XXVII(1)/2010 दिनांक 30.03.2010 में उल्लिखित दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाय।

(5) वित्त विभाग के शासनादेश संख्या 88/XXVII(3)कार्य/2005 दिनांक 24.02.2005 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत रूपये 05.00 लाख तक के लघु कार्य (लघु निर्माण एवं अनुरक्षण) को अपने स्तर से अनुरक्षण एवं लघु निर्माण से सम्बन्धित नियमों एवं नार्मस को ध्यान में रखते हुए कराया जाय।

(6) जो दरें शिड्यूल ऑफ रेट में स्वीकृत नही हैं, और जिन मदों की दरें बाजार भाव से ली गई हो उनके कान्टैक्ट रेट के तीन कोटेशन प्राप्त कर तुलनात्मक विवरण में तीनों दरों को इंगित कर न्यूनतम दरों के आधार पर आंगणन तैयार कर कार्य कराया जाय।

(7) कम्प्यूटर, हार्डवेयर, साफ्टवेयर व नैटवर्किंग उपकरणों के क्रय हेतु सूचना प्रोद्योगिकी विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या 285/पी0एस0/2006 दिनांक 23.10.2006 एवं अन्य आदेशों में उल्लिखित व्यवस्थानुसार ही कार्यवाही की जाय।

2– इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2010–11 के आय व्ययक की अनुदान संख्या–04 के अंतर्गत लेखा शीर्षक 2014–न्याय प्रशासन–00 आयोजनेत्तर–114 विधि सलाहकार और परामर्शदाता (काउन्सिल)–04 विधि परामर्शी तथा सरकारी अधिवक्ता–00 के अंतर्गत उपर्युक्त सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामें डाला जाएगा।

6– यह आदेश वित्त विभाग के अ0शा0पत्र संख्या 19 एनपी /XXVII(5)/2010 दिनांक 07. अप्रैल, 2010 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय

(धर्मेन्द्र सिंह अधिकारी)
संयुक्त सचिव

संख्या–: 02(1)–दो(1)/XXXVI (2)/2010–तददिनांक
प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–
1– महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तराखण्ड, माजरा देहरादून।
2– समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी उत्तराखण्ड।
3– वित्त अनुभाग–5 उत्तराखण्ड शासन।
4– एन0आई0सी0/गार्ड बुक।

(धर्मेन्द्र सिंह अधिकारी)
संयुक्त सचिव

संख्याः 119–दो (1)/XXXVI(2)/2010–1–दो(1)/10

प्रेषक,

प्रेम सिंह खिमाल,
अपर सचिव न्याय एवं अपर विधि परामर्शी
उत्तराखण्ड शासन

सेवा में,

जिलाधिकारी
ऊधमसिंहनगर, पिथौरागढ़, टिहरी।

न्याय अनुभाग–2 देहरादूनः दिनांकः 18 मार्च, 2011

विषय– वित्तीय वर्ष 2010–2011 के लिए धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2010–11 के लिए उत्तराखण्ड के जिलों यथा ऊधमसिंहनगर, पिथौरागढ़, टिहरी में कार्यरत शासकीय अधिवक्ताओं (दीवानी, फौजदारी, राजस्व) न्याय मित्रों, नामिका वकीलों द्वारा उत्तराखण्ड राज्य की ओर से वादों में पैरवी/बहस किये जाने हेतु आवद्ध विधि अधिकारियों के फीस आदि के बिलों के भुगतान हेतु मद संख्या 16–ब्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान में निम्न विवरणानुसार कुल रू0 12,00,000/– (रूपये बारह लाख मात्र) की धनराशि को आपके निर्वतन पर रखे जाने की स्वीकृति महामहिम राज्यपाल निम्न शर्तो के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं :–

धनराशि (हजार रूपये में)

क्र0सं0	जिला/स्थान	16–व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिये भुगतान
1	ऊधमसिंहनगर	600
2	टिहरी	500
3	पिथौरागढ़	100

	कुल योग–	1200

(रूपये बारह लाख मात्र)

(1) कृपया पूर्व माह के व्यय की सूचना प्रपत्र बी0एम0–13 में अंकित कर विलम्बतम 10 तारीख तक शासन में उपलब्ध करायी जाय।

(2) व्यय से पूर्व बजट मैनुअल, वित्तीय हस्त पुस्तिका मितव्ययता के सम्बन्ध में समय–समय पर निर्गत आदेश एवं तद्विषयक अन्य आदेशों का अनुपालन किया जाय।

(3) कृपया यह भी सुनिश्चित करें कि उपर्युक्त अनुदान से अधिक व्यय किसी दशा में न किया जाय।

(4) वित्त विभाग के शासनादेश संख्या 515/XXVII(1)/2009 दिनांक 28.07.2009 एवं शासनादेश संख्या 187/XXVII(1)/2010 दिनांक 30.03.2010 में उल्लिखित दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाय।

2– इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2009–10 के आय व्ययक की अनुदान संख्या–04 के अंतर्गत लेखा शीर्षक 2014–न्याय प्रशासन–00 आयोजनेत्तर–114 विधि सलाहकार और परामर्शदाता (काउन्सिल)–04 विधि परामर्शी तथा सरकारी अधिवक्ता–00 –16–व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान के नामें डाला जाएगा।

3– यह आदेश वित्त अनुभाग–5 के अ0शा0पत्र संख्या 831 एनपी /XXVII(5)/2010 दिनांक 17 मार्च, 2010 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

(प्रेम सिंह खिमाल)
अपर सचिव

संख्या–: 119(1)–दो(1)/XXXVI(2)/2010–तददिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तराखण्ड, माजरा देहरादून।
2– कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी, ऊधमसिंहनगर, पिथौरागढ़, टिहरी, उत्तराखण्ड।
3– केन्द्रीय भुगतान एवं लेखा कार्यालय सचिवालय।
3– वित्त अनुभाग–5 उत्तराखण्ड शासन।
4– एन0आई0सी0/गार्ड बुक।

(प्रेम सिंह खिमाल)
अपर सचिव

संख्याः 10–दो (1)/XXXVI(2)/2011–1–दो(1)/11

प्रेषक,

राम सिंह,
प्रमुख सचिव न्याय एवं विधि परामर्शी,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1– समस्त जिलाधिकारी,
उत्तराखण्ड।
2– वरिष्ठ वित्त अधिकारी,
इरला चैक अनुभाग,
उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

न्याय अनुभाग–2 देहरादूनः दिनांकः 29 अप्रैल, 2011

विषय– वित्तीय वर्ष 2011–2012 के लिए धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2011–12 के लिए उत्तराखण्ड के सभी जिलों में कार्यरत शासकीय अधिवक्ताओं (दीवानी, फौजदारी, राजस्व) न्याय मित्रों, नामिका वकीलों एवं मा0उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में उत्तराखण्ड राज्य की ओर सेय वादों में पैरवी/बहस किये जाने हेतु आवद्ध विधि अधिकारियों के फीस आदि के बिलों के भुगतान हेतु मद संख्या 16–ब्यावसायिक तथा विशेष सेवाओकं के लिए भुगतान में निम्न विवरणानुसार कुल रू0 3,00,00,000/– एवं अन्य आवश्यक अवचनबद्ध मदों के अन्तर्गत रू0 5.00 लाख अर्थात कुल रू0 3,05,00,000/– (रूपये तीन करोड़ पॉच लाख मात्र) की धनराशि को निर्वतन पर रखे जाने की स्वीकृति महामहिम राज्यपाल निम्न शर्तो के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं :–

(धनराशि हजार रूपये में)

क्र0 स0	जिला/स्थान	04– यात्रा व्यय	11–लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई	16–व्यावसा यिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान
1	देहरादून	15	15	2500
2	हरिद्वार	20	16	3000
3	पौड़ी गढ़वाल	30	16	1500
4	टिहरी गढ़वाल	55	16	1500
5	उत्तरकाशी	40	16	1500
6	चमोली	20	15	2000
7	चम्पावत	20	15	2000
8	बागेश्वर	10	15	1500
9	अल्मोडा	10	15	2500
10	पिथौरागढ़	40	16	1500
11	नैनीताल	10	15	3500
12	ऊधमसिंहनगर	10	15	3000
13	रूद्रप्रयाग	10	15	1000
14	मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में उत्तराखण्ड राज्य की ओर से वादों में पैरवी/बहस किये जाने हेतु आबद्ध विधि अधिकारियों के फीस आदि के बिलों के भुगतान	10	–	3000

	हेतु वित्त अधिकारी, इरला चैक अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून के निवर्तन पर रखी गई धनराशि			
	योग	300	200	30000

(300+200+30000= 30500)

(रूपये तीन करोड़ पॉच लाख मात्र)

(1) कृपया पूर्व माह के व्यय की सूचना प्रपत्र बी0एम0–13 में अंकित कर विलम्बतम 10 तारीख तक शासन में उपलब्ध करायी जाय।

(2) कृपया यह भी सुनिश्चित करें कि उपर्युक्त अनुदान से अधिक व्यय किसी दशा में न किया जाय।

(3) व्यय से पूर्व बजट मैनुअल, वित्तीय हस्त पुस्तिका, स्टोर पर्चेज रूल्स, उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रक्योरमेन्ट) नियमावली 2008, मितब्ययता के सम्बन्ध में समय–समय पर निर्गत आदेश एवं तद्विषयक अन्य आदेशों का अनुपालन किया जाय।

(4) वित्त विभाग के शासनादेश संख्या 209/XXVII(1)/2011 दिनांक 31.03.2011 में उल्लिखित दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाय।

(5) वित्त विभाग के शासनादेश संख्या 88/XXVII(3)कार्य/2005 दिनांक 24.02.2005 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत रूपये 05.00 लाख तक के लघु कार्य (लघु निर्माण एवं अनुरक्षण) को अपने स्तर से अनुरक्षण एवं लघु निर्माण से सम्बन्धित नियमों एवं नार्मस को ध्यान में रखते हुए कराया जाय।

(6) जो दरें शिड्यूल ऑफ रेट में स्वीकृत नही हैं, और जिन मदों की दरें बाजार भाव से ली गई हो उनके कान्टैक्ट रेट के तीन कोटेशन प्राप्त कर तुलनात्मक विवरण में तीनों दरों को इंगित कर न्यूनतम दरों के आधार पर आंगणन तैयार कर कार्य कराया जाय।

(7) कम्प्यूटर, हार्डवेयर, साफ्टवेयर व नैटवर्किंग उपकरणों के क्रय हेतु सूचना प्रोद्योगिकी विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या 285/पी0एस0/2006 दिनांक 23.10.2006 एवं अन्य आदेशों में उल्लिखित व्यवस्थानुसार ही कार्यवाही की जाय।

2– इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2011–12 के आय व्ययक की अनुदान संख्या–04 के अंतर्गत लेखा शीर्षक 2014–न्याय प्रशासन–00 आयोजनेत्तर–114 विधि सलाहकार और परामर्शदाता (काउन्सिल)–04 विधि परामर्शी तथा सरकारी अधिवक्ता–00 के अंतर्गत उपर्युक्त सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामें डाला जाएगा।

6– यह आदेश वित्त विभाग के अ0शा0पत्र संख्या 09 एनपी /XXVII(5)/2010 दिनांक 21. अप्रैल, 2011 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय

(राम सिंह)
प्रमुख सचिव

संख्या–: 10(1)–दो(1)/XXXVI (2)/2011–तददिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तराखण्ड, माजरा देहरादून।

2– समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी उत्तराखण्ड।

3– वित्त अनुभाग–5 उत्तराखण्ड शासन।

4– एन0आई0सी0/गार्ड बुक।

आज्ञा से
(धर्मेन्द्र सिंह अधिकारी)

संयुक्त सचिव

संख्याः 01–दो (1)/XXXVI(2)/2011–1–दो(1)/11

प्रेषक,

धर्मेन्द्र सिंह अधिकारी
संयुक्त सचिव, न्याय एवं संयुक्त विधि परामर्शी
उत्तराखण्ड शासन

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तराखण्ड।

न्याय अनुभाग–2 देहरादूनः दिनांकः 04 अप्रेल, 2011

विषय– वित्तीय वर्ष 2011–2012 के लिए धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2011–12 के लिए उत्तराखण्ड के सभी जिलों में कार्यरत शासकीय अधिवक्ताओं (दीवानी, फौजदारी, राजस्व) न्याय मित्रों, नामिका वकीलों तथा जिला शासकीय अधिवक्ताओं के साथ सम्बद्व स्टाफ हेतु बचनबद्ध मदों में निम्न विवरणानुसार कुल रू0 54,60,000/– (रूपये चव्वन लाख पचास हजार मात्र) की धनराशि को निवर्तन पर रखे जाने की स्वीकृति महामहिम राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं :–

(धनराशि हजार रूपये में)

मद / जिले कानाम	01–वेतन	03– मंहगाई भत्ता	06– अन्य भत्ते	07– मानदेय	08– कार्यालय ब्यय	27–चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति
देहरादून	200	120	35	10	16	7
हरिद्वार	–	–	–	–	16	7
पौड़ी गढ़वाल	500	300	52	8	16	6
टिहरी गढ़वाल	400	240	30	5	16	6
उत्तरकाशी	400	240	44	8	16	7
चमोली	400	240	44	–	16	6
चम्पावत	–	–	–	–	14	5

बागेश्वर	—	—	—	—	14	5
अल्मोडा	400	240	47	7	16	7
पिथौरागढ़	500	300	43	5	16	6
नैनीताल	200	120	35	7	16	7
ऊधमसिंह नगर	—	—	—	—	14	6
रूद्रप्रयाग	—	—	—	—	14	5
योग	3000	1800	330	50	200	80

(3000+1800+330+50+200+80= 5460)

(रूपये चव्वन लाख साठ हजार मात्र)

(1) कृपया पूर्व माह के व्यय की सूचना प्रपत्र बी0एम0–13 में अंकित कर प्रतिमाह विलम्बतम 10 तारीख तक शासन में उपलब्ध करायी जाय।

(2) कृपया यह भी सुनिश्चित करें कि उपर्युक्त अनुदान से अधिक व्यय किसी दशा में न किया जाय।

(3) व्यय से पूर्व बजट मैनुअल , वित्तीय हस्त पुस्तिका, स्टोर पर्चेज रूल्स, उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रक्योरमेन्ट) नियमावली 2008, मितब्ययता के सम्बन्ध में समय–समय पर निर्गत आदेश एवं तद्विषयक अन्य आदेशों का अनुपालन किया जाय।

2– इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2009–10 के आय व्ययक की अनुदान संख्या–04 के अंतर्गत लेखा शीर्षक 2014–न्याय प्रशासन–00 आयोजनेत्तर–114 विधि सलाहकार और परामर्शदाता (काउन्सिल)–04 विधि परामर्शी तथा सरकारी अधिवक्ता–00 के अंतर्गत उपर्युक्त तालिका में अंकित सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामें डाला जाएगा।

भवदीय

(धर्मेन्द्रसिंह अधिकारी)
संयुक्त सचिव

संख्या–: 01 / (1)–दो(1) / XXXVI (2) / 2011–तददिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तराखण्ड, माजरा देहरादून।
2– समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी / कोषाधिकारी उत्तराखण्ड।
3– वित्त अनुभाग–5 उत्तराखण्ड शासन।
4– एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड सचिवालय।
5– गार्ड बुक।

आज्ञा से

(धर्मेन्द्र सिंह अधिकारी)
संयुक्त सचिव।

****

संख्याः 67–दो (1) / XXXVI(2) / 2011–1–दो(1) / 11

प्रेषक,

प्रेम सिंह खिमाल,
अपर सचिव न्याय एवं अपर विधि परामर्शी
उत्तराखण्ड शासन

सेवा में,

जिलाधिकारी
देहरादून/हरिद्वार/पौड़ी गढ़वाल/
ऊधमसिंहनगर/पिथौरागढ/टिहरी।

न्याय अनुभाग–2 देहरादूनः दिनांकः 22 दिसम्बर,2011

विषय– वित्तीय वर्ष 2011–2012 के लिए धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2011–12 के लिए उत्तराखण्ड के जिलों यथा देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी, ऊधमसिंहनगर, पिथौरागढ तथा हरिद्वार में कार्यरत शासकीय अधिवक्ताओं (दीवानी, फौजदारी, राजस्व) न्याय मित्रों, नामिका वकीलों द्वारा उत्तराखण्ड राज्य की ओर से वादों में पैरवी/बहस किये जाने हेतु आवद्ध विधि अधिकारियों के फीस आदि के बिलों के भुगतान हेतु मद संख्या 16–ब्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान में निम्न विवरणानुसार कुल रू0 80,00,000/– (रूपये अस्सी लाख मात्र) की धनराशि को आपके निर्वतन पर रखे जाने की स्वीकृति महामहिम राज्यपाल निम्न शर्तो के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं :–

धनराशि (हजार रूपये में)

क्र0सं0	जिला/स्थान	16–व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिये भुगतान
1	देहरादून	2000
2	पौड़ी गढ़वाल	1200
3	टिहरी	1600
4	ऊधमसिंहनगर	1600
5	पिथौरागढ़	100
6	हरिद्वार	1500
	कुल योग–	8000

(रूपये अस्सी लाख मात्र)

(1) कृपया पूर्व माह के व्यय की सूचना प्रपत्र बी0एम0–13 में अंकित कर विलम्बतम 10 तारीख तक शासन में उपलब्ध करायी जाय।

(2) व्यय से पूर्व बजट मैनुअल, वित्तीय हस्त पुस्तिका मितव्ययता के सम्बन्ध में समय–समय पर निर्गत आदेश एवं तद्विषयक अन्य आदेशों का अनुपालन किया जाय।

(3) कृपया यह भी सुनिश्चित करें कि उपर्युक्त अनुदान से अधिक व्यय किसी दशा में न किया जाय।

(4) वित्त विभाग के शासनादेश संख्या 209/XXVII(1)/2011 दिनांक 31.03.2011 में उल्लिखित दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाय।

2— इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2011—12 के आय व्ययक की अनुदान संख्या—04 के अंतर्गत लेखा शीर्षक 2014—न्याय प्रशासन—00 आयोजनेत्तर—114 विधि सलाहकार और परामर्शदाता (काउन्सिल)—04 विधि परामर्शी तथा सरकारी अधिवक्ता—00 —16—व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान के नामें डाला जाएगा।

3— यह आदेश वित्त अनुभाग—5 के अशासकीय संख्या 175—एनपी /XXVII(5)/2011 दिनांक 15 दिसम्बर, 2011 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

(प्रेम सिंह खिमाल)
अपर सचिव

संख्या—: 67(1)—दो(1)/XXXVI(2)/2011—तददिनांक

प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1— महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तराखण्ड, माजरा देहरादून।
2— कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून/पौड़ी गढ़वाल/टिहरी/ऊधमसिंहनगर /हरिद्वार, उत्तराखण्ड।
3— केन्द्रीय भुगतान एवं लेखा कार्यालय सचिवालय।
4— वित्त अनुभाग—5 उत्तराखण्ड शासन।
5— एन0आई0सी0/गार्ड बुक।

(प्रेम सिंह खिमाल)
अपर सचिव

आय/व्यय विवरण अनुदान संख्या 04 लेखा शीर्षक 2014 वर्ष 2006—07

क0	मानक मद का नाम	आवंटित धनराशि	कुल व्यय की गई धनराशि	अवशेष धनराशि जो समर्पित की गई
01	02	03	04	05
01	04—यात्रा व्यय	30,000	8682	21318
02	08—कार्यालय व्यय	15000	15000	—
03	11—लेखन सामग्री	15000	15000	—
04	16—व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	2965000	2964860	140

आय/व्यय विवरण अनुदान संख्या 04 लेखा शीर्षक 2014 वर्ष 2007—08

क0	मानक मद का नाम	आवंटित धनराशि	कुल व्यय की गई धनराशि	अवशेष धनराशि जो समर्पित की गई
01	02	03	04	05
01	04—यात्रा व्यय	30,000	2473	27527
02	08—कार्यालय व्यय	15000	15000	—
03	11—लेखन सामग्री	15000	15000	—
04	16—व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	3100000	3098815	1185

आय/व्यय विवरण अनुदान संख्या 04 लेखा शीर्षक 2014 वर्ष 2008—09

क0	मानक मद का नाम	आवंटित धनराशि	कुल व्यय की गई धनराशि	अवशेष धनराशि जो समर्पित की गई
01	02	03	04	05

01	04–यात्रा व्यय	10000	1132	8868
02	08–कार्यालय व्यय	20000	20000	–
03	11–लेखन सामग्री	15000	15000	–
04	16–व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	2800000	2793808	6192

आय/व्यय विवरण अनुदान संख्या 04 लेखा शीर्षक 2014 वर्ष 2009–10

क्र0	मानक मद का नाम	आवंटित धनराशि	कुल व्यय की गई धनराशि	अवशेष धनराशि जो समर्पित की गई
01	02	03	04	05
01	04–यात्रा व्यय	5000	–	5000
02	08–कार्यालय व्यय	5000	4998	02
03	11–लेखन सामग्री	5000	5000	–
04	16–व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	2800000	2799874	126

आय/व्यय विवरण अनुदान संख्या 04 लेखा शीर्षक 2014 वर्ष 2010–11

क्र0	मानक मद का नाम	आवंटित धनराशि	कुल व्यय की गई धनराशि	अवशेष धनराशि जो समर्पित की गई
01	02	03	04	05
01	04–यात्रा व्यय	10000	–	10000
02	08–कार्यालय व्यय	14000	13991	09
03	11–लेखन सामग्री	15000	15000	–
04	16–व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	3600000	3599514	486
05	27–चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	7000	–	7000

आय/व्यय विवरण अनुदान संख्या 04 लेखा शीर्षक 2014 वर्ष 2011–12

क्र0	मानक मद का नाम	आवंटित धनराशि	कुल व्यय की गई धनराशि	अवशेष धनराशि	व्यायाधिक्य
01	04–यात्रा व्यय	10,000.00	–	10,000.00	–
02	08–कार्यालय व्यय	14,000.00	13,998.00	2.00	–
03	11–लेखन सामग्री	15,000.00	14,991.00	9.00	–
04	16–व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिये भुगतान	46,00,000.00	45,98,503.00	1497.00	–
05	27–चिकित्सा प्रतिपूर्ति	6,000.00	–	6,000.00	–
	योग–	46,45,000.00	46,27,492.00	17,508.00	–

आय/व्यय विवरण अनुदान संख्या 04 लेखा शीर्षक 2014 वर्ष 2012–13

क्र0	मानक मद का नाम	आवंटित धनराशि	कुल व्यय की गई धनराशि	अवशेष धनराशि	व्यायाधिक्य
01	08–कार्यालय व्यय	4,000.00	4,000.00	–	–
02	11–लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई	7,000.00	7,000.00	–	–
03	16–व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिये भुगतान	80,33,000.00	80,32,500.00	500.00	–

04	27–चिकित्सा प्रतिपूर्ति	5,000.00	–	5,000.00	–
05	42– अन्य व्यय	3,000.00	2,989.00	11.00	–
06	45–अवकाश यात्रा व्यय	2,000.00	–	2,000.00	–
07	46– कम्प्यूटर हार्डवेयर / साफ्टवेयर	5,000.00	5,000.00	–	–
08	47– कम्प्यूटर अनुरक्षण / तत्सम्बन्धी स्टेशनरी क्रय	5,000.00	5,000.00	–	–
	योग–	80,64,000.00	80,56,489.00	7,511.00	–

आय / व्यय विवरण अनुदान संख्या 04 लेखा शीर्षक 2014 वर्ष 2013–14

क्र0	मानक मद का नाम	आवंटित धनराशि	कुल व्यय की गई धनराशि	अवशेष धनराशि	व्यायाधिक्य
01	08–कार्यालय व्यय	10,000.00	–	10,000.00	–
02	11–लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई	20,000.00	–	20,000.00	–
03	16–व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिये भुगतान	1,10,00,000.00	1,08,65,800.00	1,34,200.00	–
	योग–	**1,10,30,000.00**	**1,08,65,800.00**	**1,64,200.00**	–

प्रेषक,

जिलाधिकारी
ऊधमसिंहनगर।

सेवा में,

संयुक्त सचिव,
न्याय एवं संयुक्त विधि परामर्शी,
उत्तराखण्ड शासन,
देहरादून।

पत्र संख्या /29 – रा0सहा0/2013 दिनांक जुलाई, 2013

विषय :– अधीनस्थ न्यायालयों में शासन द्वारा आबद्ध जिला शासकीय अधिवक्ता एवं सम्बद्ध स्टाफ, की फीस के बिलों के भुगतान हेतु वित्तीय वर्ष 2013–14 में अनुदान संख्या–04 के अन्तर्गतलेखा शीर्षक 2014–न्याय प्रशासन –00–आयोजनेत्तर–114– विधि सलाहकार और परामर्शदाता (काउन्सिल)–04 विधि परामर्शी तथा सरकारी अधिवक्ता–00 के लिए बजट आवंटन के सम्बन्ध में।

———

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने कार्यालय पत्र संख्या 13–दो(01)/XXXVI(2)/2013–1–दो(1)/2013 दिनांक 22 मई 2013 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों में शासन द्वारा आबद्ध जिला शासकीय अधिवक्ता एवं सम्बद्ध स्टाफ, अन्य सम्बन्धी शासकीय अधिवक्ताओं की फीस के बिलों के भुगतान हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2013–14 में 16–ब्यवसायिक एवं विशेष सेवाओं के लिए भुगतान मद में 50.00 लाख रूपये की धनराशि आवंटित की गयी है।

जनपद ऊधमसिंहनगर में आबद्ध शासकीय अधिवक्ताओं (फौजदारी) के माह फरवरी 2013 एवं शासकीय अधिवक्तों (राजस्व/सिविल) के माह अप्रेल 2013 तक के पारिश्रमिक बिलों के भुगतान के उपरान्त 49,79,300.00 रूपये की धनराशि ब्यय हो चुकी है तथा इस मद में मात्र 20,700.00 रूपये अवशेष है।

अतः अनुरोध करना है कि जनपद ऊधमसिंहनगर में आबद्ध जिला शासकीय अधिवक्ताओं/नामिका अधिवक्ताओं/न्याय मित्रों के वित्तीय वर्ष 2013–14

में अवशेष पारिश्रमिक बिलों के भुगतान हेतु निम्नानुसार बजट आवंटित करने का कष्ट करें।

क्रमांक	मद का नाम	बजट की मांग
01	16– व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिये भुगतान	80,00,000.00 अस्सी लाख

भवदीय

ह0–

(हरीश चन्द्र काण्डपाल)

अपर जिलाधिकारी (नजूल)

ऊधमसिंहनगर।

मैनुअल संख्या – 02

अधिकारियों/कर्मचारियों की शक्तियां और कर्तव्य

राजस्व (प्रशासन) संगठन के अंतर्गत जनपद में जिलाधिकारी सर्वोच्च अधिकारी है। जिलाधिकारी के सहयोग के लिए उनके अधीनस्थ विभागीय अधिकारियों के रूप में उप जिलाधिकारी, तहसीलदार आदि नियुक्त हैं। राजस्व विभाग को विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त प्रशासकीय दायित्वों का भी निवर्हन करना होता है। इस प्रकार राजस्व विभाग को जनपद में दोहरी भूमिका में अहम दायित्वों का पालन करना होता है। कार्यों, दायित्वों एवं शक्तियों के संबंध में जिले में जिलाधिकारी उनके अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की शक्तियां और कर्तव्यों का विवरण निम्नवत हैः–

जिलाधिकारी

1– जिला मजिस्ट्रेट के रूप में :–

1.1 दण्ड प्रक्रिया संहिता–1973 की धारा–20 के अनुसार राज्य सरकार प्रत्येक जिले और प्रत्येक महानगर क्षेत्र में उन व्यक्तियों को जितने वह उचित समझे कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त कर सकती है, और उनमें से एक को जिला मजिस्ट्रेट नियुक्त करेगी।

1.2 राज्य सरकार किसी कार्यपालक मजिस्ट्रेट को अपर जिला मजिस्ट्रेट नियुक्त कर सकेगी और ऐसे मजिस्ट्रेट को इस संहिता के अधीन या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन जिला मजिस्ट्रेट की 1 (वे) शक्तियां होंगी, 2 (जो राज्य सरकार निर्दिष्ट करें)।

1.3 जब कभी किसी जिला मजिस्ट्रेट के पद की रिक्ति के परिणामस्वरूप कोई अधिकारी उस जिले के कार्यपालक प्रशासन के लिए अस्थायी रूप से उत्तरवर्ती होता है, तो ऐसा अधिकारी, राज्य सरकार द्वारा आदेश दिए जाने तक क्रमशः उन सभी शक्तियों का प्रयोग और कर्तव्यों का पालन करेगा, जो उस संहिता द्वारा जिला मजिस्ट्रेट को प्रदत्त या उस पर आधारित हों।

1.4 राज्य सरकार आवश्यकतानुसार किसी कार्यपालक मजिस्ट्रेट को उपखण्ड का भारसाधक बना सकती है, और उसको भारसाधन से मुक्त कर सकती है, और इस प्रकार किसी उपखण्ड का भारसाधक बनाया गया मजिस्ट्रेट उपखण्ड मजिस्ट्रेट कहलाएगा।

1.5 इस धारा की कोई बात तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन महानगर क्षेत्र के संबंध में कार्यपालक मजिस्ट्रेट की सब शक्तियां या उनमें से कोई शक्ति पुलिस आयुक्त को प्रदत्त करने से राज्य सरकार को प्रवरित नहीं करेगी।

2. दण्ड प्रक्रिया संहिता–1973 की धारा–21 के अनुसार राज्य सरकार विशिष्ट क्षेत्रों के लिए या विशिष्ट कृत्यों का पालन करने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेटों को जो विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट के रूप में ज्ञात होंगे, इतनी अवधि के लिए जितनी वह उचित समझे, नियुक्त कर सकती है, और इस संहिता के अधीन कार्यपालक मजिस्ट्रेटों को प्रदत्त की जा सकने वाली शक्तियों में से ऐसी शक्तियां, जिन्हें वह उचित समझे, इन विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेटों को प्रदत्त कर सकती है।

2.1 राज्य सरकार के नियंत्रण के अधीन रहते हुए जिला मजिस्ट्रेट, समय–समय पर, उन क्षेत्रों की स्थानीय सीमाएं परिनिश्चित कर सकता है जिनके अन्दर कार्यपालक मजिस्ट्रेट उन सब शक्तियों का या उनमें से किन्हीं का प्रयोग कर सकेंगे, जो इस संहिता के अधीन उनमें निहित की जाएं।

2.2 ऐसे परिनिश्चय द्वारा जैसा उपबन्धित है उनके सिवाय, प्रत्येक ऐसे मजिस्ट्रेट की अधिकारिता और शक्तियों का विस्तार जिले में सर्वत्र होगा।

3. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा–23 के अनुसार अपर जिला मजिस्ट्रेटों से भिन्न सब कार्यपालक मजिस्ट्रेट, जिला मजिस्ट्रेट के अधीनस्थ होंगे और (उपखण्ड मजिस्ट्रेट से भिन्न) प्रत्येक कार्यपालक मजिस्ट्रेट, जो उपखण्ड में शक्ति का प्रयोग कर रहा है, जिला मजिस्ट्रेट के साधारण नियंत्रण के अधीन रहते हुए, उपखण्ड मजिस्ट्रेट के भी अधीनस्थ होगा।

3.1 जिला मजिस्ट्रेट अपने अधीनस्थ कार्यपालक मजिस्ट्रेटों में कार्य के वितरण के बारे में और अपर जिला मजिस्ट्रेट को कार्य के आवंटन के बारे में समय–समय पर इस संहिता से संगत नियम बना सकता है या विशेष आदेश दे सकता है।

4. जिला मजिस्ट्रेट, सेशन न्यायाधीश के परामर्श से, ऐसे व्यक्तियों के नामों का एक पैनल तैयार करेगा, जो उसकी राय में, उस जिले के लिए लोक अभियोजक या अपर लोक अभियोजक नियुक्त किए जाने के योग्य है।

5. दण्ड प्रक्रिया संहिता के अध्याय 10 में वर्णित प्राविधानों के अंतर्गत विधि विरूद्ध जमाव, लोक न्यूसेंस, न्यूसेंस या आशंकित खतरे के स्थावर संपति के बारे में विवाद आदि के बारे में लोक व्यवस्था और प्रशांति बनाए रखना।

6. गुण्डा एकट–1973 के अंतर्गत अपराधों का विचारण करना।

7.1 आयुद्ध अधिनियम 1959 तथा आयुद्ध नियमावली, 1962 तथा शासन द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों एवं अधिसूचनाओं के अनुरूप नागरिकों को आत्म सुरक्षा, खेती सुरक्षा हेतु जनपद/राज्य की सीमा अंतर्गत शस्त्र अनुज्ञापत्र स्वीकृत करना तथा उनका नवीनीकरण करना, लाईसेन्सी द्वारा लाईसेन्स में उल्लिखित शर्तों का उल्लंघन करने अथवा जन सुरक्षा या शांति व्यवस्था को खतरा संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर आग्नेयास्त्र लाईसेन्स निलंबित/निरस्त करना। संबंधित शासनादेश संलग्न– परिशिष्ट–1 व 2 पर है।

7.2 विस्फोटक नियमावली के अंतर्गत निजी/सार्वजनिक प्रयोजनों तथा विकास कार्यों के लिए निर्धारित सीमा तक विस्फोटक का अनुज्ञा पत्र जारी किया जाना।

2– आपराधिक प्रशासन (नागरिक पुलिस तथा राजस्व पुलिस)

उत्तर प्रदेश पुलिस रेगुलेशन एक्ट की धारा–6 के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट जिले में आपराधिक प्रशासन का प्रधान है।

1 कुमॉयू पुलिस एक्ट–1916 से स्पष्ट है कि पुलिस अधिनियम–1861 में राजस्व पदाधिकारियों को अतिरिक्त जोड़ा गया है। इस प्रकार राजस्व पुलिस अधिकारियों को उन समस्त अधिकारों का प्रयोग करने का अधिकार प्राप्त है, जो नियमित पुलिस को दण्ड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत प्रदत्त है।

4 उत्तर प्रदेश पुलिस रेगुलेशन एक्ट की धारा–6 के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट जिले में आपराधिक प्रशासन का प्रधान है। इसी प्रकार नागरिक सुरक्षा अधिनियम–1968 के अनुसार जन साधारण को नागरिक सुरक्षा के संबंध में शिक्षण देना उन्हें सुरक्षा प्रयोजनों हेतु तैयार करना, नागरिक सुरक्षा के लिए अपेक्षित वस्तुओं की व्यवस्था, भण्डारण, अनुरक्षण भवनों, परिसरों या अन्य संरचनाओं को बचाना, जीवन संपत्ति के खतरे के निवारण से संबंधित सुरक्षा का दायित्व जिले में जिला मजिस्ट्रेट का होता है।

5 जिला मजिस्ट्रेट उक्त एवं अन्य विभिन्न अधिकार प्राप्त होने से जिला मजिस्ट्रेट को जन सामान्य व्यक्तियों से उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु प्रार्थना पत्र प्राप्त होते हैं। जिला मजिस्ट्रेट उन पर अपने अधीनस्थ अधिकारियों से जांच की अपेक्षा करता है। जो प्रार्थना पत्र भारतीय दण्ड विधान, भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता एवं अन्य अधिनियमों के अंतर्गत पुलिस कार्यवाही से आच्छादित होते हैं, उन पर पटवारी पुलिस कार्यवाही यथा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करना तत्पश्चात उसकी विवेचना करना एवं विवेचना उपरान्त आरोप पत्र व अंतिम रिपोर्ट जैसी भी स्थिति हो जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से न्यायालय को प्रस्तुत की जाती है।

6 जिला मजिस्ट्रेट प्रथम सूचना रिपोर्ट, विवेचनाऐं, आरोप पत्र व अंतिम रिपोर्ट परीक्षण हेतु जनपद में तैनात अभियोजन अधिकारी, को परीक्षण हेतु प्रेषित करते हैं, और उ0प्र0 अभियोजन अधिकारी सेवा नियमावली–1991 के तहत नियुक्त अभियोजन अधिकारी दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा–25 के अनुसार मजिस्ट्रेटों के न्यायालयों में अभियोजन का कार्य सम्पादित करते हैं। ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारियों/अभियोजन अधिकारियों प्रभारियों द्वारा महत्वपूर्ण आपराधिक मामलों में अपील एवं निगरानी (रिवीज़न) के प्रस्ताव पर जिलाधिकारी निर्णय लेने में सक्षम हैं।

7 जिला मजिस्ट्रेट उ0प्र0 जेल नियम संग्रह के अध्याय 36, धारा–951 के अनुसार अपने जिले में किसी भी केंद्रीय कारागार के पदेन वीक्षक हैं। इस प्रकार जिला मजिस्ट्रेट अध्याय 36 के अनुसार प्रदत्त अधिकारों के तहत जिले के प्रबन्धन तथा अनुशासन आदि के सम्बन्ध में निरीक्षण कर उसका समाधान सुनिश्चित कराते हैं।

8– मोटरयान अधिनियम के तहत सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्राविधान है। अतः उत्तराखण्ड मोटर कराधान सुधार नियमावली–2003 के नियम–31, निधि के प्रशासन और उपयोग की रीति के तहत जिला मजिस्ट्रेट, अपनी अधिकारिता में दुर्घटना होने पर नियम–30 के उप नियम (1) के अधीन राहत

के लिए व्यक्तियों की हकदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यथा साध्य किसी ऐसे अधिकारी, जो उपखण्ड मजिस्ट्रेट से निम्न श्रेणी का न हो, से जांच/मजिस्ट्रियल जांच कराते हैं, और तत्पश्चात मोटरयान अधिनियम की धारा–6 के प्राविधानान्तर्गत अपनी संस्तुति परिवहन आयुक्त को प्रेषित करते हैं। तत्पश्चात संस्तुति प्राप्त होने की दशा में परिवहन आयुक्त उत्तराँचल सड़क परिवहन दुर्घटना राहत निधि से धनराशि जिला मजिस्ट्रेट के निवर्तन पर आवंटित करते हैं, जिसका वितरण जिला मजिस्ट्रेट द्वारा प्रभावित परिवारों को किया जाता है।

उत्तराखण्ड अंतर्गत दोहरी पुलिस व्यवस्था (नागरिक एवं राजस्व पुलिस) विद्यमान है। उत्तराँचल प्रदेश की अधिकांश भू–भाग राजस्व पुलिस क्षेत्र की अधिकारिता में आता है, जिसके अन्तर्गत अपराध का अनुवेषण, राजस्व पुलिस (पटवारी, कानूनगो तथा नायब तहसीलदार) के द्वारा करवाया जाता है।

अल्मोडा अधिसूचना संख्या–494/8–410–16 दिनांक 07.03.1926 एवं टिहरी अधिसूचना संख्या– 1066/7–184–54 दिनांक 04.03.1956 के अनुसार पटवारी, कानूनगो, पेशकार तथा नायब तहसीलदार (सुप्रिटेंडेण्ट) को पुलिस पावर प्राप्त है। संबंधित शासनादेश संलग्न–परिशिष्ट–3 व 4 पर है।

जनपद में सृजित थाना, चौकी, रिपोर्टिगं चौकी एवं देख–रेख चौकी से संबंधित अधिसूचना संलग्न–परिशिष्ट–5 पर है।

3– बोर्ड के संकल्प या आदेश के निष्पादन या अग्रेत्तर निष्पादन करने की शक्ति

नगर पालिका अधिनियम के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट लिखित आदेश द्वारा या किसी अन्य अधिनियमिति के अधीन, बोर्ड या बोर्ड की समिति या संयुक्त समिति द्वारा पारित किसी संकल्प या बोर्ड या संयुक्त समिति के किसी अधिकारी या सेवक द्वारा पारित किये गये किसी संकल्प अथवा आदेश के निष्पादन या अग्रेत्तर निष्पादन का प्रतिनिषेध कर सकता है। आपातकालीन स्थिति में जिला मजिस्ट्रेट विहित प्राधिकारी की अनुमति से, किसी ऐसे निर्माण कार्य के निष्पादन या ऐसे कार्य के सम्पादित किये जाने की व्यवस्था कर सकता है, जिसके निष्पादन या सम्पादित करने की नगरपालिका बोर्ड को शक्ति प्राप्त हो। बोर्ड की स्थापना होने तक बोर्ड की शक्ति का प्रयोग जिला मजिस्ट्रेट द्वारा किया जा सकता है, जब तक कि बोर्ड स्थापित न हो जाय।

4– खाद्यानों, खाद्य तिल्हनों एवं खाद्य तेलों का अधिहरण :–

उत्तर प्रदेश वस्तु नियंत्रण आदेश आवश्यक वस्तु अधिनियम में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार अभिग्रहित आवश्यक वस्तु को अपने समक्ष निरीक्षण करने के लिए पेश कराना। खाद्यानों की दशा में उनके साम्यिक वितरण और उनकी उचित कीमत पर उपलब्धता के लिए उनका विक्रय उचित दर की दुकानों के माध्यम से जनता को उस कीमत पर किए जाने का आदेश निर्गत करना।

5– केविल सेवा की व्यवस्था करने की अनुमति देना :–

केविल टेलीविजन, नेटवर्क (प्रदर्शन नियमावली 1997) के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति के बिना कोई व्यक्ति केविल सेवा की व्यवस्था नहीं करेगा। इस अधिनियम के अधीन कोई व्यक्ति, जो केविल सेवा की व्यवस्था करने का इच्छुक हो ऐसी सेवा की व्यवस्था करने की अनुमति के लिए जिला मजिस्ट्रेट को उपनियम–2 के अधीन प्रपत्र–1 में

आवेदन कर सकता है। आवेदन पत्र प्राप्त होने पर जिला मजिस्ट्रेट अपना समाधान कर लेगा कि आवेदक ने समस्त अपेक्षित सूचना दे दी हैं, और ऐसा समाधान हो जाने पर आवेदक को प्रपत्र–2 में एक समय में तीन वित्तीय वर्ष की अवधि के लिए ऐसी अनुमति प्रदान करेगा।

परन्तु जिला मजिस्ट्रेट लिखित रूप में अभिलिखित और आवेदक को संसूचित किए जाने वाले कारणों से अनुमति देने से इनकार कर सकता है। जिला मजिस्ट्रेट यथा समय आवेदन पत्र प्राप्त होने के दिनांक से 60 दिन के भीतर उप नियम–4 के अधीन आदेश पारित करेगा।

अनुमति का नवीनीकरण:–

उत्तर प्रदेश केविल टेलीविजन नेटवर्क (प्रदर्शन) नियमावली–1997 के उपनियम–4 के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट आवेदन पत्र दिए जाने पर नियम–3 के अधीन दी गई अनुमति का नवीनीकरण इसकी अवधि के अवसान के पूर्व एक समय में तीन वित्तीय वर्ष की अवधि के लिए कर सकता है। ऐसा नवीनीकरण प्रपत्र–2 में दिया जाएगा।

प्रतिभूति की धनराशि :–

जिला मजिस्ट्रेट केविल टेलीविजन के मालिक द्वारा जमा की जाने वाली प्रतिभूति को धनराशि नियत करेगा, जो दो हजार रूपये या तीन मास का औसत कर जो भी अधिक हो, से कम नहीं होगा।

प्रतिभूति से कर की कटौती :–

जिला मजिस्ट्रेट प्रतिभूति से कर के किसी बकाये की कटौती के लिए आदेश पारित कर सकता है, और ऐसे आदेश की एक प्रति मालिक को दी जायेगी। ऐसा आदेश पारित होने पर मालिक अगले मास का कर देय होने के पूर्व प्रतिभूति की धनराशि पूर्ण करेगा और यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो जिला मजिस्ट्रेट को केविल सेवा की व्यवस्था की अनुमति को निरस्त करने की शक्ति होगी।

कर की वसूली के लिए नोटिस जारी करना :–

नियमावली के अधीन जहां कर के मध्ये किसी राशि का भुगतान विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर किसी केबिल टेलीविजन के मालिक द्वारा जो भुगतान करने का दायी है नहीं किया गया है तो जिला मजिस्ट्रेट अधिनियम की धारा 34 के अधीन भू–राजस्व के बकाये के रूप में वसूली के लिए आदेश जारी करने के पूर्व ऐसे व्यक्ति को मांग की सूचना जारी करने उसे विनिर्दिष्ट समय के भीतर भुगतान करने को कहेगा।

2–कलक्टर के रूप में

2.1– भू–राजस्व अधिनियम 1901 के अनुसार राज्य सरकार प्रत्येक जिले में एक अधिकारी की नियुक्ति करेगी, जो जिले का कलक्टर होगा, और जो अपने समस्त जिले में इस अधिनियम का तत्समय लागू प्रत्येक दूसरे कानून द्वारा कलक्टर को प्रदत्त शक्तियों तथा उस पर लागू किए गए कर्तव्यों का प्रयोग तथा निष्पादन करना। जिले के गांवों को लेखपाल के हल्कों में क्रमबद्ध करने एवं हल्कों की सीमा में परिवर्तन करना, नक्शा खसरा, अधिकार अभिलेख एवं वार्षिक रजिस्टर का रखरखाव, वार्षिक रजिस्टर में अपेक्षित परिवर्तन कराना, सीमा चिन्हों पर मरम्मत एवं रख–रखाव, जुर्माना लगाना, लिपिकीय त्रुटि का संशोधन, भूमि पर प्रवेश करने एवं सर्वेक्षण कराना, वादों का अन्तरण, साक्ष्य देने अथवा अभिलेख दाखिल करने के लिए व्यक्तियों को समन कराना, त्रुटियों एवं भूलों को सुधारना, विवादों को मध्यस्थता के लिए प्रेषित करना, जुर्माने एवं व्ययन की वसूली कराना, कब्जे के संबंध में कार्यवाही करना, सहायक

कलक्टर द्वितीय श्रेणी या तहसीलदार के आदेश के विरूद्ध अपील सुनना, अधीनस्थ न्यायालय से पत्रावली तलब करना, सहायक कलक्टर की सभी शक्तियों से युक्त होना।

कलक्टर के भूमि अभिलेख संबंधी मुख्य कर्तव्यों में सामान्य पर्यवेक्षण और नियंत्रण, निरीक्षण टिप्पणी तथा अन्य प्रसूचनाओं का निष्पादन, लेखपालों के निवास संबंधी दायित्वों का प्रवर्तन, कृषि संबंधी समृद्धि में न्यूनता, अधिकता दर्ज करना तथा जांच, लेखपालों के हल्कों की संख्या और सीमाओं में परिवर्तन, सामयिक प्रसूचनाओं को प्रस्तुत करना।

कलक्टर संपूर्ण जिले में ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा और ऐसे कर्तव्यों का पालन करेगा जो भू–राजस्व अधिनियम का तत्समय प्रचलित किसी अन्य विधि द्वारा उस पर प्रदत्त हैं या आरोपित हैं। कलक्टर न केवल कलेक्टर को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करेगा, बल्कि सहायक कलक्टर को दी गई सब या किसी शक्ति का भी प्रयोग करेगा। जब कोई जिला अभिलेख कार्यवाही के अंतर्गत घोषित कर दिया जाता है तो जब तक अन्यथा न अधिसूचित किया जाए जिले का कलक्टर ही अभिलेख अधिकारी होगा। कलक्टर राजस्व न्यायालय और राजस्व अधिकारी है। राजस्व न्यायालय की हैसियत से उसके पास प्रारंभिक और अपीलीय दोनों क्षेत्राधिकार हैं। जब कोई जिला या उसका भाग उ0प्र0 जोत चकबंदी अधिनियम, 1953 के अधीन चकबंदी क्रिया में लाया जाता है तो तत्समय कलक्टर उक्त अधिनियम के अंतर्गत जिला चकबंदी उपनिदेशक भी हो जाता है। जिले के गांवों को लेखपाल हल्कों में व्यवस्थित करना तथा ऐसे हल्कों की संख्या तथा सीमाओं का परिवर्तन करना, प्रत्येक गांव के नक्शा और खसरा का रखरखाव करना, अधिकार अभिलेख का रखरखाव करना, जिले के सभी गांवों का एक रजिस्टर तैयार करना और उसका रखरखाव करना, जिसमें ऐसे क्षेत्र दिखाए जाएं जो नदी क्रिया से प्रभावित हों, एहतमाली खेती वाले हों, जिनकी मालगुजारी पूर्णतः या अशंतः माफ कर दी गई हो, प्रशमित हो, विमोचित हो या अभिहस्तांकित हो गई हो, तहसीलदार के निर्देशन पर सालाना रजिस्टर में हुई गलतियों का दुरस्त कराना, नए अधिकार अभिलेख तैयार कराना, किसी मुकदमें को अपनी फाइल के अधीन किसी सक्षम न्यायालय या अधिकारी को जांच तथा निर्णयार्थ हस्तांतरित करना या उसे अपने पास मंगाना, किसी वाद को पंच निर्णय को सुपुर्द करना, तहसीलदार या सहायक कलक्टर द्वितीय क्षेणी के आदेश के विरूद्ध अपील सुनना, इस अधिनियम या तत्समय प्रचलित अन्य अधिनियमों के अंतर्गत प्रदत्त सहायक कलक्टर की समस्त या कुछ शक्तियों का प्रयोग करना।

2.2 भू–अभिलेख नियम संग्रह के भाग–6 के नियम–521 के अनुसार कलक्टर के कर्तव्य निर्धारित करने में इस बात पर जोर दिया गया है, कि उस पर वार्षिक रजिस्टरों के माध्यम से अधिकार अभिलेख के रखने का परिनियत दायित्व (Statutory obligation) है। इस दायित्व का प्रतिपालन करने के उद्देश्य से जिले के भू–अभिलेखों से निरंतर संपर्क बनाना और यह देखना कि जिन कर्मचारियों पर उनके तैयार करने तथा पर्यवेक्षण का दायित्व है वे अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं, और वे उन्हें यथासंभव सही–सही अधिकार अभिलेख तथा सांख्यिक सामग्री (Statistical date) के रूप में तैयार करने के लिए संयुक्त प्रयास करते हैं।

स्थूल रूप से (मोटे तौर से) यह कह सकते हैं (Broadly speaking) कि सामान्य पर्यवेक्षण और नियंत्रण, निरीक्षण टिप्पणियों तथा अन्य प्रसूचनाओं का निष्पादन, लेखपालों के निवास संबंधी दायित्वों (Obligation of residence) का प्रवर्तन, कृषि संबंधी समृद्धि में न्यूनता, अधिकता का दर्जा करना तथा जांच, लेखपालों के हल्कों की संख्या और सीमाओं (Limits) में परिवर्तन तथा सामयिक प्रसूचनाओं को प्रस्तुत करना कलक्टर के भू–अभिलेख संबंधी मुख्य कर्तव्य हैं।

भूमि अभिलेख नियम संग्रह के भाग–6 में वर्णित प्राविधानों के अनुसार सामान्य पर्यपेक्षण, भू–लेख निरीक्षक की भू–अभिलेखों के पर्यवेक्षण में सहायता, बकाया कार्यों को पूरा करने के लिए समय सीमा बढ़ाने की स्वीकृति देना, भू–लेख निरीक्षक के विरूद्ध उपर्युक्त कार्यवाही करना, कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही, वार्षिक वेतनवृद्धि और पदोन्नति की स्वीकृति, भू–लेख निरीक्षक कर्मचारियों को पारितोषिक, लेखपालों की नियुक्ति, हस्तान्तरण और अनुशासन की देखरेख करना।

2.3– <u>राजकीय देयों की वसूली सुनिश्चित करना</u> :–

उत्तर प्रदेश वसूली मैनुअल 1974 के अध्याय–दो के नियम–8 के अंतर्गत जिले में भू–राजस्व तथा अन्य सरकारी देयों की वसूली का कानूनी दायित्व कलक्टर का होता है। अपने अधीन कार्यरत कर्मचारियों से कर्तव्य का निवर्हन सुचारू रूप से तथा ठीक समय से सुनिश्चित कराना भी कलक्टर का ही दायित्व है। विशेष रूप से कलक्टर निम्नलिखित बातों के लिए जिम्मेदार होता है:–

(क) कर्मचारियों का सामान्य पर्यवेक्षण, उसकी नियुक्ति तथा उसका नियंत्रण।

(ख) भू–राजस्व तथा भू–राजस्व के बकाये के रूप में वसूल किए जाने योग्य अन्य देयों की ठीक समय पर वसूली।

(ग) उच्चतर प्राधिकारियों को भेजे जाने वाली विहित विवरणियों सहित अपेक्षित सूचनाओं का समय से प्रेषण।

(घ) सामान्य पर्यवेक्षण

(ड़) कर्मचारियों का अनुशासन–संग्रह कर्मचारियों के समुचित अनुशासन तथा उनके दक्षतापूर्ण कार्य संचालन सुनिश्चित करना और खराब काम, असमय, असमर्थता, अवज्ञा, गबन और इसी प्रकार के अन्य मामलों की रिपोर्ट को महत्व देना।

2.4 कृषि योग्य भूमि वाले खातेदारों को तकावी ऋण का वितरण तथा वसूली सुनिश्चित कराना :–

सामान्यतः यह ऋण बीज, खाद, उर्वरक, निजी ट्रैक्टर, बैल, सांड और गाय क्रय करने हेतु तथा प्राकृतिक विपत्तियों, जिनमें अग्निकांड भी सम्मिलित है, से क्षतिग्रस्त या विनष्ट मकानों की मरम्मत या पुनर्निर्माण हेतु ऋण देना।

2.5 अतिवृष्टि, बाढ़, सूखा तथा अन्य दैवीय प्रकोप, संक्रामक बीमारी, साम्प्रदायिक उपद्रव, वर्ग संघर्ष या अराजक तत्वों के शिकार होने से लोगों को बचाना, मुस्तैदी से राहत तथा बचाव कार्य, आवश्यक दवाओं खाद्यानों, तात्कालीन उपचार की व्यवस्था, उपद्रवों को शान्त करना तथा स्थिति को नियंत्रण में रखना :–

(अ) **<u>बाढ़ के संबंध में राहत आदि कार्यों की तैयारी</u>** :–

उ0प्र0 बाढ़ एवं दैवी आपदा नियम संग्रह 1982 के अनुसार बाढ़ से निपटने के लिए उपलब्ध जनशक्ति तथा भौतिक साधनों का पूर्ण सर्वेक्षण उपलब्ध होना और बाढ़ की सूचना समय से होना। सम्भावित रूप से बाढ़ से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों का समय से तथा यथासंभव तीव्रगामी साधन से बाढ़ की चेतावनी देते हुए उचित प्रबन्ध करना।

(ब) **बाढ़ के दौरान** :–

जिले में समय से आवश्यक प्रबन्ध करने हेतु प्रत्येक वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में बाढ़ग्रस्त जिले के जिलाधिकारियों द्वारा व्यय हेतु उनके लिए पर्याप्त धन का प्राविधान कराना। बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्र के निवासियों को बाढ़ की चेतावनी का त्वरित संदेश भेजने का प्रबन्ध करना।

शासनादेश संख्या–2784/आई0एस0 26–49 दिनांक 23 जून 1949 के अनुसार बाढ़ के दौरान जिले में समय से आवश्यक प्रबन्ध करने के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में बाढ़ग्रस्त जिले के जिलाधिकारियों द्वारा व्यय हेतु उनके लिए पर्याप्त धन का प्राविधान किया जाता है। बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्र के निवासियों को बाढ़ की चेतावनी का त्वरित संदेश भेजने के लिए जिले के कलक्टर को प्रबन्ध करना चाहिए।

प्राकृतिक विपत्तियों/आपदाओं से पीड़ित व्यक्तियों को तात्कालिक राहत पहुंचाने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड सरकार के शासनादेश संख्या–जी0आई0 3/आपदा प्रबन्धन/2001 दि0 10 दिसंबर, 2001 से जिलाधिकारी द्वारा वितरित की जाने वाली अहैतुक (निःशुल्क) सहायता की विभिन्न मदों एवं मानकों हेतु दरों का निर्धारण किया गया है। संलग्न शासनादेश परिशिष्ट–6 पर है।

(स) जिलाधिकारी की शक्तियां तथा कृत्य :–

(1) उत्तराखण्ड आपदा न्यूनीकरण प्रबन्धन तथा निवारण अधिनियम 2005 के अनुसार जिस अवधि में कोई क्षेत्र प्रभावित होता है, जिलाधिकारी प्रभावित क्षेत्र के सरकारी विभागों के अधिकारियों तथा स्थानीय प्राधिकारी को आपदा प्रबन्धन आयुक्त के पर्यवेक्षण के अधीन आपदा प्रबन्धन योजनाओं के अनुरूप आपात राहत प्रदान करने हेतु निर्देश दे सकता है।

(2) **जिलाधिकारी–**

(क) उपलब्ध संसाधनों के जारी करने तथा उपयोग के लिए इंतजाम करेगा।

(ख) आपदा से प्रभावित क्षेत्र के भीतर तथा उस ओर से या उस ओर को यातायात नियंत्रित तथा निर्बन्धित कर सकता है।

(ग) किसी आपदा क्षेत्र या उसके किसी भाग में किसी व्यक्ति का प्रवेश, उसके भीतर आवागमन या वहां से प्रस्थान को नियंत्रित और निर्बन्धित कर सकता है।

(घ) मलबा हटा सकता है।

(ड़) तलाशी व बचाव कार्य परिचालित कर सकता है।

(च) समुचित साधनों द्वारा लावारिश शवों के निस्तारण के लिए व्यवस्था कर सकता है।

(छ) वैकल्पिक शरण प्रदान कर सकता है।

(ज) भोजन, दवाईयां तथा अन्य आवश्यक वस्तुयें उपलब्ध करा सकता है।

(झ) अपने निर्देशन तथा पर्यवेक्षण के अधीन राहत प्रदान करने के लिए आपदा से सुसंगत विषय के विशेषज्ञ तथा परामर्शियों को अपेक्षित कर सकता है।

(ञ) जैसी विहित हों वैसी शर्तों तथा निबन्धनों पर किसी सम्पत्ति, वाहनों, उपकरण, इमारतों तथा संचार के माध्यमों पर कब्जा तथा उनका प्रयोग कर सकता है।

(ट) जब व जैसे अपेक्षित हो सुख सुविधाओं का अनन्य व अधिमानी उपयोग उपलब्ध करा सकता है।

(ठ) अस्थायी पुलों तथा ढांचों का निर्माण करा सकता है।

(ड) जनता को संकटापन्न कर सकने वाले असुरक्षित ढांचों को ध्वस्त कर सकता है।

(ढ़) गैर सरकारी संगठनों से समन्वय रख सकेगा तथा यह सुनिश्चित कर सकेगा कि ऐसी सत्तायें आपदा प्रभावित क्षेत्र के भीतर अपने कार्यकलाप साम्यिक तरीके से निष्पादित करें।

(ण) आपदा से निपटने के लिए जनता में सूचना का प्रसार करेगा।

(त) जीवन संरक्षण के उद्देश्य के लिए किसी आपदा प्रभावित क्षेत्र से समस्त आबादी या उसके किसी भाग को निष्क्रमण के लिए निर्देश दे सकता है, बाध्य कर सकता है तथा ऐसे निष्क्रमण के लिए उतने बल का जो आवश्यक हो प्रयोग कर सकेगा।

(थ) किसी संपति या जीवन के संरक्षण के लिए यदि वह समझे कि ऐसी कार्यवाही आवश्यक है तो किसी व्यक्ति को किसी स्थान पर प्रवेश करने, किसी द्वार, फाटक या अवरोध को खोलने या खुलवाने के लिए प्राधिकृत कर सकता है, यदि स्वामी या निवासी अनुपस्थित है, या उपस्थित होते हुए भी द्वार फाटक या अवरोध को खोलने से इनकार करता है।

3– जिलाधिकारी उपधारा (2) में अतर्विष्ट शक्तियों का प्रयोग उसी सीमा तक करेगा, जितना निम्न प्रयोजनों के लिए आवश्यक हों :–

(क) समुदाय को सहायता तथा संरक्षण प्रदान करने के लिए।

(ख) समुदाय को राहत प्रदान करने के लिए।

(ग) विघटन को राहत प्रदान करने के लिए।

(घ) आपदा के विनाशकारी तथा अन्य प्रभावों से निपटने के लिए।

